जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

जालोर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जालोर, शनिवार 14 मई, 2022

# इतिहास में पहली बार

## 2000 Sq. Ft. बिल्ट-अप एरिया वाली 5BHK कोठी सिर्फ 75 लाख में !

A Project By Kedia

THE KUNBA

बड़े परिवारों के लिए

**NO** MIDDLE-MEN **DIRECT** TO CUSTOMER

**FIXED PRICE**

## परिवार ही जिनकी पहचान है



NEAR MPS, PRATAP NAGAR, TONK ROAD, JAIPUR

KEDIA
*Transforming Realty*

TOLL FREE: 1800-120-23-23, 7877-07-27-37

www.kedia.com | www.kediahomes.com | info@kediahomes.com
www.rera.rajasthan.gov.in | Rera No. RAJ/P/2022/1900

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

सज्जनों की रीति यह है कि कोई अगर उनसे कुछ मांगे तो वे मुख से कुछ न कहकर, काम पूरा करके ही उत्तर देते हैं। –कालिदास

# देश एवं प्रदेशों में पेंशन बचाओ आंदोलनों की अपरिहार्यता

राजकीय एवं अन्य पेंशन धारकों को पेंशन मिलना अति आवश्यक है, यह उनके सेवानिवृत पश्चात् एक सम्मानपूर्वक जीवन निर्वाह का सबसे बिश्वसनीय साधन होता है। रिटायरमेंट के पश्चात् कर्मी को पता नहीं कितने दिन जीवित रहना है और कितने दिन उसकी पत्नी को? ऐसी असाधारण परिस्तिथि में पूर्व की सरकारों ने अपने कर्मी को पेंशन देने का प्रावधान किया, यह सिलसीला ब्रिटिश हुकूमत में तो था ही, संभवतः उससे पहले मुग़ल कल में भी प्रचिलित हो? पेंशनकर्मी को उसके द्वारा दी गयी सेवाओं में योगदान के फलस्वरूप अर्जित विकास (भौतिक, सामाजिक, व् विद्या प्रचार व् प्रसार आदि) के एवज में दी जाती है।

30 से 35 वर्ष के कार्य काल का आंकलन सांख्यकीय मापदंडों से करना दुष्कर है अतः सरकारों ने पेंशन निर्धारण के लिए काफी विचार और मंथन करके कुछ नियम निर्धारित किये जिनमे समय-समय पर स्तिथि के अनुसार सुधारकर बदलाव भी किया जाता रहा। मोटे तौर पर वर्तमान में कर्मी को संतोषजनक सेवा के उपरांत आखिरी वेतन का आधा अंश (50 प्रतिशत) पेंशन देय होती है सेवा काल में निर्धारित अवधि में कमी होने पर पेंशन भी अनुपातिक हिसाब से कम निर्धारित होती है, इसके ऊपर मंहगाई भत्ता नियम के अनुसार और जुड़ जाता है, इस प्रकार कर्मी को अपने शेष जीवन निर्वाह के लिए एक संतोषजनक राशि प्रतिमाह उपलब्ध होती रहती है। कर्मी की मृत्यु होने पर उसकी पत्नी को शेष जीवन में पारिवारिक पेंशन मिलने का प्रावधान किया हुआ है, जो मूल पेंशन का लगभग 30 प्रतिशत होता है। इस प्रकार सामाजिक सिक्योरिटी की दृष्टि से यह अनुकूल ही है।

एकल परिवारों के चलते यदि ये व्यवस्था न हो तो बुजुर्ग किसके आगे हाथ फैलाएं? उधार लेकर, घर का सामान बेचकर या एक-दो घर झाड़ू-बर्तन सफाई और विकट स्तिथि में भीख मांग कर जीवन काटना पड़ता है। कुछ समय पूर्व तक तो यह सब कुछ ठीक ही चल रहा था परतु 2004 से केंद्र सरकार ने नयी पेंशन योजना लागू कर दी, जिस पर कोई सम्बाद अथवा बहस नहीं हुयी, फलस्वरूप सरकार द्वारा सरसब्ज बाग़ दिखाने से नयी पेंशन योजना का उस समय कोई प्रतिरोध नहीं हुआ। जिन संस्थानों में पेंशन नहीं थी वहां कर्मी को उसके द्वारा प्रतिमाह दिया प्रोविडेंट फण्ड और उतना ही अंशदान सरकारी जुड़ता रहता था जिस पर नियमानुसार ब्याज जुड़ता रहता था और सेवा निवृति पर कर्मी को पूरा प्रोविडेंट फण्ड दे दिया जाता था। इस पद्धति में अक्सर यह होता था कि कर्मी का पूरा धन घर के किसी कार्य में खर्च हो जाता था तत्पश्चात कर्मी और उसकी पत्नी को बेबस होकर जीना पड़ता था, बच्चे बहुधा माता-पिता से किसी बहाने पैसे खर्च करवा लिया करते और सामाजिक स्तर पर कर्मी बहुत कष्ट भोग कर मरता। कई तो विवश होकर आत्महत्या कर लेते, ऐसी स्तिथि में जिस व्यक्ति ने पेंशन की योजना सर्व प्रथम ईजाद कर लागू की हमें उसका शुक्रगुज़ार होना चाहिए।

नयी पेंशन के रचना कार के सोच को दाद देनी पड़ेगी कि उसने सभी पेंशन धारकों की जिंदगी को मटियामेट करने की ऐसी योजना बनाई जिसका लोग उस समय आंकलन नहीं कर सके। केंद्र सरकार में ऐसे अनेक वित्त मंत्री हुए जिन्होंने बजट से लेकर अन्य योजनाएं लागू की जो बाद में निवेशकर्ताओं को ले डूबी। ऐसी एक योजना थी यू एस 64, जिसमें सरकार ने दखल देकर लोगों का कुछ धन वापिस करवाया था, मैं भी उस योजना का एक छोटा भुक्तभोगी हूँ।

> **नयी पेंशन के रचना कार के सोच को दाद देनी पड़ेगी कि उसने सभी पेंशन धारकों की जिंदगी को मटियामेट करने की ऐसी योजना बनाई जिसका लोग उस समय आंकलन नहीं कर सके। केंद्र सरकार में ऐसे अनेक वित्त मंत्री हुए जिन्होंने बजट से लेकर अन्य योजनाएं लागू की जो बाद में निवेशकर्ताओं को ले डूबी।**

अभी चार-पांच वर्ष पहले मोदी जी ने नोट बंदी की थी, सुना गया था तब के एक विख्यात मंत्री ने दो कंटेनर जाली करेंसी नोट छपवा कर अपने वोटरों में बटवा दिए थे। मेरे पास इसका कोई सबूत नहीं है, ऐसी स्तिथि में धर पकढ़ या रेड से कुछ होना नहीं था क्योंकि जब पता चला तब तक राशि बट चुकी थी। मोदी जी संभवतः इस बात को छिपाकर आनन्-फानन में नोट बंदी कर दी। यही एक तरीका बचा था उन जाली नोटों को चलन में न आने देने का क्योंकि बाद में यह कहा गया कि रिज़र्व बैंक द्वारा जारी लगभग सभी नोट बापिस आ गए। अब वो जाली नोट बैंक में कैसे आते?

खैर, सरकार में ऐसे नाटकीय कार्य होते रहे हैं और जनता मूर्ख बनकर उसी पार्टी की सरकार को पुनः चुनती रही है। तो बात पेंशन की हो रही थी लिहाजा पुरानी पेंशन ही अभी तक सेवा निवृत कर्मिओं के लिए अनुकूल रही है और अभी है। इसमें महंगाई भत्ता आदि जुड़ते जाय तो कर्मी का जीवन संतोष से कट जाता है। राजस्थान सरकार ने पहल कर नयी पेंशन स्कीम 2004 को हटा कर पुरानी पेंशन स्कीम पिछले बजट में पास करा कर फिर से लागू कर दी। इसमें अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि 2004 और इस वर्ष घोषणा की तिथि की अवधि में पुरानी पेंशन लागू होगी अथवा नहीं? कुछ भी हो मुख्यमंत्री ने जो सदा सहता दिखाई है इस अवधि का भी वे कोई तोड़ निकाल इसे हल कर देंगे।

राज्य सरकार कई प्रकार की पेंशन लोगों को देती है परतु अभी उनमे विषमता विध्यमान है जैसे विश्वविद्यालयों के कर्मिओं को नियमित पेंशन न देना.... इसमें कुछ विश्वविद्यालय छात्रों की अधिक संख्या के कारण कर्मिओं को पेंशन देने में सक्षम हो सकते हैं लेकिन कुछ ही वर्षों में वे भी पेंशन देने में सक्षम नहीं होंगे। प्रदेश के सभी कृषि विश्वविद्यालय पेंशन की अनियमिता और अनिश्चितता से परेशान हैं। लगभग 12 वर्ष से कर्मी न्यायलय की शरण में जाकर कुछ राहत पा लेते हैं, अभी तक 13 माह की पेंशन फिर बाकी हो गयी जो नहीं दी गयी है। न्यायालय ने दखल देकर 22 माह की बाकी पेंशन घटवा कर 10 माह जनवरी 2022 में करवा दी थी जो अब फिर बढ़ कर 13 माह हो गयी, कब तक पेंशनर्स कोर्ट के फेरे लगाते रहेंगे?

मुख्य मंत्री जी का कहना है कि यदि सरकार इनको पेंशन देगी तो अन्य लोग भी डिमांड करेंगे। ये केसा कथन है? दूसरे कौन? निश्चित रूप से वे पाकिस्तानी नहीं होंगे और यदि देश के नागरिक डिमांड करते हैं तो उनकी समस्या भी सरकार को ही सुलझानी पड़ेगी। उत्तर प्रदेश राज्य अपने सभी सेवा निवृत कर्मिओं को पेंशन दो दशक से अधिक सालों से प्राइमरी से लेकर विश्वविद्यालय तक और वो भी सरकारी कोषालय से और सरकारी कर्मिओं की पेंशन समान सभी सरकारी और प्राइवेट विद्यालओं, विश्वविद्यालयों के कर्मिओं को दे रही है, वहां पेंशन धारकों की संख्या अपेक्षाकृत राजस्थान से कई गुना अधिक है। वहां किसी प्रकार का कोई विवाद आज तक नहीं सुना गया।

मुख्य मंत्री यदि विवेक से सोचे तो उनके एक निर्णय से प्रदेश के सभी विश्वविद्यालओं की पेंशन समस्या सुलझ सकती है। वे स्वयं कई प्रकार की वित्तीय सहायता/पेंशन लोगों को देते हैं, जिनका खुलासा करना यहाँ उचित नहीं। कृषि विश्विद्यालयों का स्थापना खर्च सरकार ने स्वयं बढ़ाया जो प्रतिवर्ष 10 से 12 करोड़ बैठता है। एक कृषि विश्व विद्यालय उत्तर में बीकानेर था दक्षिण में 1999 में उदयपुर ने बन गया, फिर जोधपुर, जोबनेर और कोटा में तीन और कृषि विश्वविद्यालय स्थापित कर संख्या पांच कर दी। इनका औचित्य क्या था? समझ से परे है। उदयपुर के समान यदि बाकि तीनो के लिए सम्बाद भी करवाते तो हो सकता था एक केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय बन जाता, और सरकार अनेकों खर्चो से बच जाती। लेकिन जब बात वोट बैंक की हो तो उस स्तिथि में लेख में कोई बात लिखना करना उचित नहीं मानता।

पेंशन पेमेंट के लिए एक संस्था गठित की जावे जिसमे केंद्र, प्रदेश व अन्य अपनी साझेदारी से उसमे अंशदान कर फण्ड निर्मित कर उससे सभी को पेंशन समान रूप से समान नियमों के तहत दी जा सके। सरकार से यह जिम्मेदारी अलग होनी चाहिए, भले ही सरकारी तंत्र से संचालित हो। अभी भी समय है प्रदेश का एक कृषि विश्वविद्यालय केंद्र के अधीन कर दिया जावे इसी प्रकार अन्य विषयों के विश्वविद्यालय भी यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन, सी एस आई आर केन्द्रीय उपक्रमों को सौंप कर वित्तीय भार से कुछ निजात पाई जा सकती है। कृषि विश्व विद्यालय से सम्बंधित और भी ऐसे सुझाव हो सकते हैं जिनसे वित्तीय भार कम किया जा सके। इन सबके बावजूद पेंशन पर सम्बाद/आंदोलन होते रहने चाहिए लेकिन ऐसे आंदोलन रचनात्मक हों और सरकार से तालमेल रख ही निर्णय होकर लागू हों किसी कवि ने कहा है **''जेते पैर पसारिये जित्ती लम्बी सौर''**। सरकार अपने खर्चे भी कम करके पेंशन फण्ड में योगदान कर सकती है, वर्तमान स्तिथिथों में भी में ऐसे कई सुझाव दे सकता हूँ जिससे चार-पांच करोड़ की बचत हो सकती है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**प्रो.डॉ. वीर बहादुर सिंह,**
**( पूर्व कुलपति एवं डेयरीविज्ञ महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी वि.वि., उदयपुर )**

# अब कांग्रेस में पैराशूट से नहीं उतरेंगे नेता, पार्टी में पांच साल काम करने वालों को ही टिकट मिलेगा : अजय माकन

**उदयपुर,** (का.स.)। झीलों की नगरी में शुक्रवार से कांग्रेस के नवसंकल्प चिंतन शिविर का आगाज हो चुका है। गांधी परिवार के तीनों प्रमुख सदस्यों के साथ तमाम कांग्रेस के नेता उदयपुर पहुंच चुके हैं।

शिविर के पहले दिन शुक्रवार को कांग्रेस के महासचिव व राजस्थान प्रभारी अजय माकन ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि शिविर के बाद कांग्रेस पार्टी के ढांचे में आमूलचूल परिवर्तन होने जा रहा है। उन्होंने एक परिवार एक टिकट के फार्मूले के जवाब में कहा कि यह बात तय है। किसी भी नेता का रिश्तेदार, बेटा या बेटी को टिकट तभी मिलेगा जब वह पांच साल पार्टी में काम करेगा। यानी पैराशूट से कोई नेता नहीं उतारा जाएगा।

होटल अरावली ताज में कांग्रेस नेता अजय माकन ने बताया कि संगठन को लेकर बने कांग्रेस के पैनल ने पार्टी में आमूलचूल परिवर्तन के लिए सुझाव दिए हैं। उन पर चर्चा की जा रही है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी के ढांचे में अब तक वही पद चले आ रहे थे जो सालों पहले थे। लेकिन अब उसमें बूथ लेवल से लेकर ऊपर तक बदलाव किया जा रहा है। कुछ चीजें हमारे संविधान में पहले से थी, लेकिन उनको अमल में नहीं लाया जा सका।



**उदयपुर में कांग्रेस के चिंतन शिविर में कांग्रेस महासचिव व राजस्थान के प्रभारी अजय माकन ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया।**

- **कांग्रेस का इंटरनल पब्लिक इनसाइड डिपार्टमेंट होगा जिसमें लोग जनता के बीच से फीडबैक लेंगे।**
- **कांग्रेस पार्टी के ढांचे में अब बूथ लेवल से लेकर ऊपर तक बदलाव किया जा रहा है**

उन्होंने कहा कि भाजपा की तरह ही अब कांग्रेस में भी मंडलों का गठन किया जाएगा। हर पंद्रह बीस बूथों पर एक मंडल होगा। तीन से चार मंडलों पर एक ब्लॉक का गठन किया जाएगा। इसके गठन के लिए भी एक प्रक्रिया अपनाई जाएगी। माकन ने बताया कि अक्सर चुनाव के समय ही हम कुछ प्राइवेट एजेंसी से सर्वे करवाते रहे हैं। लेकिन अब तय किया गया है कि कांग्रेस का इंटरनल पब्लिक इनसाइड डिपार्टमेंट होगा। इस डिपार्टमेंट में शामिल लोग लगातार जनता के बीच फीडबैक लेंगे। उन जनता किन मुद्दों पर क्या चर्चा कर रही है। माकन ने बताया कि यह बात भी सामने आई है कि जो कार्यकर्ता अच्छा काम कर रहे हैं, उनको रिवार्ड नहीं दिया जाता है और जो काम नहीं कर रहे हैं या खराब काम कर रहे हैं, उन्हें सजा नहीं मिलती है। इसको लेकर कांग्रेस में असेस्टमेंट विंग बनाने का सुझाव है। यह विंग तय करेगी कि कौन कार्यकर्ता बेहतर काम कर रहा है और उसका क्या रिवॉर्ड देना चाहिए? जो लोग खराब काम या पार्टी के विरोध में काम करेंगे, उन्हें सजा का प्रावधान किया जाएगा। कांग्रेस के नेता माकन ने कहा कि हम पार्टी में अनुशासन को और मजबूत करेंगे। इसके लिए हर स्तर पर अनुशासन कमेटी बनेगी। शिविर में इस पर चर्चा की जाएगी।

माकन ने बताया कि चिंतन शिविर में जो कमेटियां गठित की गई है, उनमें पचास प्रतिशत लोग 50 साल से कम उम्र के हैं। आगे भी इसको लागू रखा जाएगा कोई भी व्यक्ति पांच साल से अधिक किसी एक पद पर नहीं रह सकेगा। इन पदाधिकारियों को अपनी परफार्मेंस देनी होगी। अच्छा काम नहीं करने पर उन्हें तीन साल तक पद से मुक्त रखा जाएगा। पार्टी में काम करने पर आगे मौका दिया जाएगा। यही हमारे नवसंकल्प होंगे।

# सांभर के वार्ड 22 में चार पेयजल लाइन होने के बाद भी पानी को तरसते लोग

- **लोगों को हर माह निजी टेंकरों और जलदाय विभाग के बिलों का भुगतान भी करना पड़ रहा है**
- **नयी पेयजल लाईन बिछाने का काम दलगत राजनिती के चलते अमल में नहीं आ सका**

**सांभरझील,** (निसं)। यहां के वार्ड-22 में जलदाय विभाग की कई दशकों पुरानी चार पेयजल लाईन बिछी होने के बावजूद चारभुजा गली के बांशिदों को एक एक बूंद पानी के लिये मशक्कत करनी पड़ रही है लेकिन लोगों व पार्षद की ओर से कई दफा शिकायत किये जाने के बावजूद स्थानीय जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अभियन्ताओं की ओर से इस ज्वलन्त समस्या को हल्के में लिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि यहां उपभोक्ताओं को खुद की आवश्यकता की पूर्ति के लिये निजी टेंकर मंगवाये जाने के अलावा दूसरा कोई विकल्प ही नहीं बचा है।

जबकि यहां के उपभोक्ताओं से जलदाय विभाग पानी के बिल की पूरी राशि वसूल कर रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरानी कोर्ट के पास पानी इतना कम प्रेशर से लोगों के घरों में पहुंच रहा है कि रोजमर्रा की जिंदगी के लिये वह पर्याप्त नहीं बताया जा रहा है, महज बीस मिनट की पेयजल सप्लाई ही होना बताया जा रहा है, जबकि विभाग उपभोक्ताओं से औसत के आधार पर बिल राशि वसूल कर विभाग उपभोक्ताओं के अधिकारों का हनन कर रहा है। यहां के लोगों से बात करने पर बताया गया कि माह में कम से कम दो टेंकर पानी के मंगवाने ही पड़ते हैं, लेकिन उन लोगों को अधिक मुश्किल हो रही है जिनकें घरों में पानी स्टोर करने के लिये या तो होद नहीं है या जगह के अभाव में बहुत ही छोटे है। एक दफा यहां पर पुरानी कोर्ट के पास ऊंचाई वाले स्थान पर पेयजल टंकी बनवाकर नयी पेयजल लाईन बिछाने का लोगों को करीब तीन चार साल पहले ख्वाब दिखाया गया था, लेकिन दलगत राजनीती के चलते न तो इस योजना पर विभाग अमल कर सका और न ही सरकारी कारिंदों ने इस दिशा में कोई रूचि दिखायी।

यहां की कांग्रेस पार्षद ज्योति कुमावत से बात करने पर बताया गया कि उनकी तरफ से विभाग को एक से अधिक पत्र लिखे जा चुके हैं, विभाग की ओर से कोई सुनवायी नहीं की गयी है तो अब जलदाय मंत्री को लिखा गया है, यहां के लोगों को आज भी उम्मीद बनी हुयी है कि सरकार इस दिशा में कोई न कोई समाधान जरूर निकालेगी।

# डॉ. महेन्द्र भानावत को मारवाड़ रत्न सम्मान

**उदयपुर,** (कासं)। लोककला संस्कृतिविज्ञ डॉ. महेन्द्र भानावत को जोधपुर स्थापना दिवस पर गुरूवार को गजसिंह द्वारा मारवाड रत्न कोमल कोठारी सम्मान प्रदान किया गया। राष्ट्रीय स्तर का इक्यावन हजार का यह सम्मान डॉ. भानावत को उनके द्वारा विभिन्न प्रान्तों की कलाधर्मी जातियों, लोकानुरंजनकारी प्रवृत्तियों, जनजातीय सरोकारों तथा कठपुतली, पड, कावड जैसी विधाओं पर खोजपूर्ण लेखन एवं शोध के उन्नयन में दीर्घकालीन उच्चस्तरीय योगदान के उपलक्ष्य में प्रदान किया गया।

समारोह के दौरान गजसिंह ने पूर्व काल तथा आजादी के बाद जनसेवा के उल्लेखनीय योगदान का जिक्र करते हुए मेहरानगढ म्युजियम ट्रस्ट द्वारा अगले वर्ष से राजाराम मेघवाल पुरस्कार देने की भी घोषणा की। समारोह में विशिष्ट अतिथि प्रो. संजीव मिश्रा ने कहा कि मेहरानगढ के सूरजवंशी सूर्यनगरी जोधपुर ने रक्त की बजाय शकुन दिया है। मुख्य अतिथि सव्यसांची मुखर्जी ने जोधपुरी भाषा, संस्कृति तथा परम्परा को देश की संस्कृति की पहचान कहा। सम्मान समिति के प्रो. जहूर खां मेहर ने कहा कि देश के लिए विभिन्न क्षेत्रों में जो महानुभाव अपने कर्त्तव्य की साधना और पुरुषार्थ में लगे हुए हैं उनकी पहचान कर उनके स्मरणीय योगदान का सम्मान अन्यों को भी प्रेरणा और शकुन देता है।



**संस्कृतिविज्ञ डॉ. महेन्द्र भानावत को गजसिंह ने मारवाड रत्न कमल कोठरी सम्मान प्रदान किया।**

# देश की जनता का ध्रुवीकरण कर भाजपा जनता को भय व चिंता में रहने को मजबूर कर रही है : सोनिया गांधी

- **उदयपुर में कांग्रेस के 'नवसंकल्प चिंतन शिविर' का राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी की उपस्थिति में आगाज**

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर में कांग्रेस के 'नवसंकल्प चिंतन शिविर' का आगाज शुक्रवार को कांग्रेस राष्ट्रीध्यक्ष सोनिया गांधी की उपस्थिति में हुआ। इस दौरान राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित कई कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर अपने संबोधन में सोनिया गांधी ने कहा कि यहां जो हमारा चिंतन शिविर हो रहा है, उसका प्रसंग है 'नव संकल्प'। यह हम सबको एक अवसर देता है, जहां हम सब विचार-विमर्श करें उन तमाम चुनौतियों पर जो भाजपा की नीतियों और आरएसएस से जुड़ी संस्थाओं की गतिविधियों के चलते, आज देश के सामने है। हम विमर्श करें अपने आगे के रास्ते पर। यह एक तरह से न केवल राष्ट्रीय मुद्दों पर एक चिंतन है, बल्कि एक आत्म-चिंतन भी है।

उन्होंने कहा कि मैं जानती हूं, हमारे साथी यहां आना चाहते थे। इस चिंतन शिविर में भाग लेने चाहते थे लेकिन कई कारणों से हमें संख्या को सीमित रखना पड़ा। मुझे पूरा भरोसा है कि वे इस बात को समझेंगे। संगठन को मजबूत बनाने में उनका योगदान किसी से भी कम नहीं है।

सोनिया गांधी ने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार देश में निरंतर ध्रुवीकरण कर लोगों को चिंता, भय और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर कर रही है। अल्पसंख्यक जो हमारे गणतंत्र के बराबर के नागरिक हैं, जो हमारे समाज के अटूट अंग है, उन्हें जान-बूझकर निशाना बनाना और उन पर क्रूरता से हमला करना, समाज में युगों से चली आ रही विविधता का दुरूपयोग करके उसे बांटना और समाज में बड़ी सावधानी से पालन-पोषण किए गये अनेकता में एकता के सिद्धांत को तबाह करना, अपने राजनीतिक विरोधियों को डराना-धमकाना, उनकी छवि को नुकसान पहुंचाना, उन्हें झूठे बहानों से जेल में डालना और उनके खिलाफ जांच एजेंसियों का गलत इस्तेमाल करना, तमाम लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता और निष्पक्षता के साथ खिलवाड़ करना, इतिहास के नाम पर थोक में झूठ परोसना और हमारे महान नेताओं विशेष तौर पर जवाहरलाल नेहरू को बदनाम करना, उनके योगदान, उपलब्धियों और बलिदानों को एक सोची समझी रणनीति के तहत नीचा दिखाना या उनका खंडन करना, महात्मा गांधी के हत्यारों और उनके वैचारिक पथ प्रदर्शकों का महिमा मंडल करना, देश के संविधान के सिद्धांतों, आदर्शों और उसके चार स्तम्भ- न्याय, स्वतंत्रता, समानता व भाईचारे का खुलकर उल्लंघन करना आदि शामिल है।



**कांग्रेस के 'नवसंकल्प चिंतन शिविर' को राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सम्बोधित किया।**

**सोनिया ने कहा कि हर संगठन की तरह हमें सुधारों की सख्त जरूरत है :** रणनीति में बदलाव, ढांचागत सुधार और रोजाना काम करने के तरीके में परिवर्तन। एक तरह से यह सबसे बुनियादी मुद्दा है लेकिन मैं यह भी जोर देकर कहना चाहती हूं कि हमारा पुनरूत्थान सिर्फ एक विशाल सामूहिक प्रयासों से ही हो पाएगा और वो विशाल सामूहिक प्रयास न टाले जा सकते है न ही टाले जाएंगे।

सोनिया गांधी ने अपने संबोधन में सभी से आग्रह किया कि वे अपने विचारों को खुलकर रखें मगर, बाहर सिर्फ संगठन की मजबूती, दृढ निश्चय और एकता का संदेश ही जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हाल में मिली नाकामबियों से हम बेखबर नहीं है। न ही हम बेखर है उस संघर्ष से या उस संघर्ष की कठिनाइयों से, जिसे हमें करना है और जीतना है। लोगों की हमसे जो उम्मीदें है, उनसे हम अनजान नहीं है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**शनिवार 14 मई, 2022**

वैशाख मास, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2079, चित्रा नक्षत्र सांय 5:28 तक, सिद्धि योग दिन 12:58 तक, तैतिल करण दिन 3:23 तक, चन्द्रमा आज प्रातः 6:12 पर तुला राशि में प्रवेश करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-कुम्भ, बुध-वृष, गुरू-मीन, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

सर्वार्थ सिद्धि योग सांय 5:28 से सूर्योदय तक है। रवियोग सांय 5:20 से आरम्भ होगा। आज ज्येष्ठा संक्रान्ति, सूर्य का वृष में प्रवेश रविवार प्रातः 5:30 से होगा। पूण्यकाल रविवार को है। आज श्री नृसिंह जयन्ती और व्रत है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ 7:24 से 9:03 तक, चर 12:23 से 2:03 तक, लाभ-अमृत 2:03 से 5:23 तक।

**राहूकालः** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 5:44, सूर्यास्त 7:02

**मेष**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**वृष**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। परिचितों चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। दिनचर्या में सुधार होगा। मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
परिवार में आपसी सहयोग बढ़ेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**सिंह**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। नये-पुराने मित्रों से मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**वृश्चिक**
धार्मिक कार्यों में धन खर्च हो सकता है। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**धनु**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में विवादों से राहत मिल सकती है। अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मकर**
व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**कुंभ**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। आर्थिक मामलों में प्रगति होगी। धन प्राप्त होगा।

**मीन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों यात्रा टालना ठीक रहेगा। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

जालोर

Rashtradoot

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 वर्षः 17 संख्याः 36 प्रभात जालोर, शनिवार 14 मई, 2022 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2019-21 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.



*राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री और पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पायलट ने सोनिया गांधी का उदयपुर हवाई अड्डे पर स्वागत किया तथा उन्हें खादी के धागों से बनी तिरंगी माला भेंट की।*

# 'पार्टी का कर्ज उतारने का समय आ गया है'

## सोनिया गांधी ने सी.डब्ल्यु.सी. की बैठक में कही अपनी बात दोहराई, चिंतन शिविर के अध्यक्षीय भाषण में

-रेणु मित्तल-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 मई। अशोक गहलोत जैसे नेताओं को निशाना बनाकर कटु प्रहार करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा कि पार्टी के लिए त्याग करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने हम में से बहुतों को काफी कुछ दिया है और अब "पार्टी का कर्ज उतारने का" समय आ गया है।

उन्होंने कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सी.डब्ल्यु.सी.) में ऐसा ही बयान दिया था और अब उदयपुर के चिन्तन शिविर में अपने उद्घाटन भाषण में उसे दोहराया है।

प्रश्न यह किया जा रहा है कि वे अशोक गहलोत को कब सीधे शब्दों में यह कहेंगी कि वे इस्तीफा दें और राज्य में एक नया नेतृत्व आने दें, जहां दिसम्बर 2023 में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं।

- चर्चा इस बात की है चिंतन शिविर में कि, नये नेतृत्व को सत्ता में लाने के लिये क्या वे सीधे अपनी बात कहेंगी गहलोत को।
- जैसा कि विदित है, दिसम्बर 2023 में प्रदेश में विधानसभा चुनाव हैं और अगर राजस्थान में कांग्रेस को नेतृत्व परिवर्तन करना है तो, अभी ही करना होगा अन्यथा बहुत देर हो जायेगी।
- सोनिया गांधी के भाषण में पुराने वरिष्ट नेताओं के लिये एक संदेश यह भी था कि, राज्यसभा सीट के लिये दबाव न बनायें, क्योंकि, नये नेतृत्व को मौका देना है।
- 15 मई को शिविर के समापन दिवस पर राहुल गांधी वह "रोड-मैप" उजागर करेंगे, जिससे पार्टी 2024 के चुनाव में भाजपा का सामना करने के लिये "फिट और फाइन" हो सके।

यह पार्टी के सीनियर नेताओं पर भी एक तरह का दबाव है कि वे राज्यसभा सीट की मांग न रखें, क्योंकि पार्टी नया नेतृत्व तैयार करना चाहती है। यह संकेत दिया जा रहा है कि उन्हें संगठन के लिए काम करना चाहिए।

इसके साथ ही सोनिया गांधी ने यह भी दृढ़तापूर्वक कहा कि कांग्रेस के इतिहास में कुछ अहम निर्णय लेने, बदलाव करने व सुधार करने का वक्त आ गया है और इस प्रक्रिया को अब स्थगित नहीं किया जा सकता तथा इसे किसी भी कीमत पर स्थगित नहीं किया जाना चाहिए।

पिछले कुछ वर्षों में सोनिया गांधी ने ऐसे ही बयान दिए हैं, लेकिन उन्होंने कई कमेटियों की रिपोर्ट्स में की गई प्रमुख सिफारिशों में से किसी को भी पिछले कुछ से लागू नहीं किया है। उन्हें एक यथा-स्थिति रखने वाली आई.एस.एफ. के रूप में जाना जाता है तथा उन्हें किसी भी तरह का बदलाव करना पसन्द नहीं है। लेकिन इस शिविर में किए गए बयानों पर वे अमल करती हैं या नहीं यह अटकलबाजी का एक अन्य विषय है।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

## राहुल दूसरे रूट से पहुंचे

गंगापुर सिटी, 13 मई (निस)। राहुल गांधी को मेवाड़ से गंगापुर सिटी होकर उदयपुर जाना था लेकिन वो दूसरे रूट से उदयपुर चले गए इसलिए गंगापुर सिटी रेल्वे स्टेशन पर राहुल गांधी तथा दूसरे वरिष्ठ नेताओं का स्वागत करने के लिए पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मायूस होकर वापिस लौटना पड़ा।

- पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार उन्हें गंगापुर सिटी होते हुए उदयपुर जाना था।

राहुल गांधी मेवाड़ एक्सप्रेस ट्रेन से गंगापुर सिटी होते हुए उदयपुर जाने वाले थे। उनके साथ कई अन्य वरिष्ठ नेता भी थे। इन सबका स्वागत के लिए

(शेष पृष्ठ 5 पर)

## यू.ए.ई. के राष्ट्रपति का निधन

अबु धाबी, 13 मई। संयुक्त अरब अमीरात (यू.ए.ई.) के राष्ट्रपति एवं अबू धाबी के शासक शेख खलीफा बिन जायद अल नाह्यान का शुक्रवार को 73 साल की आयु में निधन हो गया। वही पिछले कुछ समय से बीमार थे और उनका इलाज चल रहा था। राष्ट्रपति से जुड़े मामलों के मंत्रालय ने शेख खलीफा के निधन की पुष्टि की है। शेख खलीफा दुनिया के सबसे अमीर शासकों में शामिल थे और उनकी संपत्ति लाखों करोड़ रुपये बताई जाती है।

- राष्ट्रपति शेख खलीफा की गिनती दुनिया के सबसे अमीर हस्तियों में होती है, वे 73 वर्ष के थे।

शेख खलीफा 3 नवंबर 2004 से संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति और

(शेष पृष्ठ 5 पर)

## नीट पी.जी. परीक्षा

-जाल खंबाता-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 मई। सुप्रीम कोर्ट ने नीट पीजी-2022-23 परीक्षा को स्थगित करने के लिए दायर एक याचिका को निरस्त करते हुए शुक्रवार को व्यवस्था दी कि रोगी की सार-संभाल और उपचार सर्वोपरि है। नीट

- नीट पी.जी. परीक्षा निर्धारित तिथि 21 मई को ही होगी, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने परीक्षा सरकाने की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

# कमेटी की सिफारिशें मानीं, तो कांग्रेस में आमूलचूल परिवर्तन तय

## एक परिवार से एक ही व्यक्ति को टिकट, लेकिन बचाव की गली यह कि, यदि दूसरा सदस्य भी सक्रिय है, तो लड़ सकता है चुनाव

उदयपुर, 13 मई (का.प्र.)। एक के बाद एक लगातार कई प्रदेशों में चुनावी हार के बाद लगता है कांग्रेस अंदर तक हिली हुई है। यही कारण है कि बहुत लंबे समय बाद कांग्रेस को अपने क्रियाकलाप और रणनीतिक गलतियों पर चिंतन करने की आवश्यकता महसूस हुई है। राजस्थान के मेवाड़ अंचल के उदयपुर में हो रहे पार्टी के नव संकल्प शिविर के पहले दिन राजस्थान के प्रभारी और पार्टी संगठन में महत्वपूर्ण बदलाव के लिए बनी समिति के सदस्य अजय माकन की ओर से दो बातें रखी गई हैं और यदि पार्टी उन पर अमल करने की दिशा में आगे बढ़ती है तो निश्चित तौर पर कांग्रेस में बहुत बड़े बदलाव नज़र आएंगे।

- 5 साल तक एक ही पद पर रहने के बाद नहीं मिलेगा फिर मौका, 3 साल का कूलिंग पीरियड बिताकर फिर आ सकते हैं पद पर, सांसद-विधायकों पर यह नियम लागू नहीं होगा।
- ब्लॉक और बूथ लैवल के बीच अब तीन से पांच मंडल बनाने की सिफारिश, 50 प्रतिशत पद मिलेंगे 50 वर्ष से कम उम्र के लोगों को।

संगठन में सबसे बड़े बदलाव के तौर पर जिस चर्चा को आगे बढ़ाया गया है वह यह है कि पार्टी अब एक परिवार से केवल एक ही टिकट देगी। उदयपुर में चिंतन शिविर में संगठन में बदलाव और राजनीतिक मामलों पर बने पैनल ने यह सिफारिश की है।

माकन ने इस बारे में कहा कि हमारे पैनल में यह चर्चा हुई है कि एक परिवार से एक टिकट के फार्मूला को लागू किया जाए। साथ ही यह भी चर्चा हुई है कि जिसे भी टिकट दिया जाए, उसने कम से कम 5 साल पार्टी में काम किया हो, सीधे टिकट नहीं दिया जाए। यानी कि यह लागू होता है तो नए आने वालों नेताओं को टिकट नहीं मिलेगा।

अगर किसी नेता का बेटा या दूसरा नेता टिकट लेना चाहता है तो उसे कम से कम पांच साल संगठन में काम करना होगा। कांग्रेस में 5 साल लगातार पद पर नहीं रहने का नियम लागू होने पर आधे से ज्यादा नेता बाहर हो सकते हैं। नेताओं के बेटों को भी पांच साल पार्टी में काम करने के बाद ही टिकट मिलेगा। जब माकन से गांधी परिवार पर यह प्रावधान लागू होने के बारे में पूछा तो कहा कि यह सवाल गांधी परिवार का नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव संगठन चुनाव की प्रक्रिया से होगा और वैसे भी चिंतन शिविर से कांग्रेस अध्यक्ष के चयन का कोई संबंध नहीं है। दरअसल इस नियम में एक गली उन परिवारों के लिए छोड़ दी गई है जिन परिवारों का लंबे समय से कांग्रेस में दबदबा कायम है और जिन परिवारों के दो या तीन लोग लगातार पदों पर काबिज बने हुए हैं। इसी के साथ संगठन स्तर के ग्रुप में इस बात की चर्चा हुई है कि संगठन स्तर पर अब 50 प्रतिशत पद सिर्फ उन युवाओं को दिए जाएं, जिनकी उम्र 50 वर्ष से कम हो, क्योंकि युवा 35 वर्ष तक कांग्रेस में कार्य कर सकते है, लेकिन 35 से 50 वर्ष के जो लोग सक्रिय होते हैं, उन्हें अन्य जगह समायोजित किया जा सके।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

## दिल्ली में आग, 26 मरे

नई दिल्ली, 13 मई। दिल्ली के मुंडका मेट्रो स्टेशन के पास शुक्रवार शाम एक कमर्शियल बिल्डिंग में आग लगने से 26 लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है। इसे पहले पुलिस ने बताया था कि इमारत से 60-70 लोगों को निकाला गया है जबकि कुछ लोग अंदर फंसे हुए हैं। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, आग की

- मुंडका मैट्रो स्टेशन के पास एक कमर्शियल बिल्डिंग में आग लगने से 26 की मौत हो गई और 12 गंभीर रूप से घायल हो गए।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

# निजी आकांक्षाओं को पार्टी हित के अधीन रखना होगा!

## सोनिया गांधी की मार्मिक अपील उन नेताओं के लिए, जो पद के बिना ऐसे तड़पते हैं जैसे बिना पानी के मछली

उदयपुर, 13 मई (का.प्र.)। उदयपुर में चल रहे कांग्रेस के तीन दिवसीय चिंतन शिविर जिसे नव संकल्प शिविर का नाम दिया गया है, में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पार्टी को एक मंच पर एक साथ दिखाने का प्रयास किया है। नतीजा यह रहा कि जो नेता जी-23 के नाम से जाने जाते रहे हैं, को पहली पंक्ति में और वह भी सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित प्रियंका गांधी के साथ स्थान दिया गया था। इन नेताओं पर कांग्रेस के युवा एवं वर्तमान में राहुल गांधी के नजदीकी नेताओं की तीखी नजर है। मतलब साफ है कि ऐसा करके पार्टी एकता का संदेश देना चाहती है।

दूसरी ओर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया

(शेष पृष्ठ 5 पर)

# जिस होटल में चिंतन शिविर, वही नदी के बहाव क्षेत्र में अवैध रूप से बना: किरोड़ी

## होटल मालिक से गहलोत परिवार के आर्थिक संबंध, कानूनों को ताक में रखकर हुआ निर्माण

जयपुर, 13 मई (का.सं.)। राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल मीणा ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता कर एक बार फिर सरकार की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। किरोड़ी ने आरोप लगाया है कि गहलोत परिवार से होटल मालिक के आर्थिक संबंध हैं। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी और कांग्रेस अगर गरीब आदिवासियों की सच्ची सेवक है तो इस होटल में चिंतन शिविर का कार्यक्रम तुरन्त बन्द कर अन्यत्र करें। यह अवैध होटल आदिवासियों की जमीन हड़प कर बनाई है।

उन्होंने पत्रकार वार्ता में बताया कि मुम्बई की एक कम्पनी ईशान क्लब एण्ड होटल ने उदयपुर में अरावली ताज नाम की विशाल होटल का निर्माण किया है। इसके मालिक राजीव आनन्द हैं। आनन्द वर्ष 2012 से होटल बनाने की कोशिश कर रहे थे, किन्तु जमीन पर आने-जाने का रास्ता नहीं था। इसलिए प्रोजैक्ट अटका हुआ था। वर्ष 2014 से 2017 तक होटल निर्माण की फाइल लगाई गई, किन्तु रास्ता नहीं होने के कारण यूआईटी उदयपुर ने होटल बनाने से इन्कार कर दिया।

- 2017 में जिस होटल को अनुमति नहीं मिली, कांग्रेस सरकार बनते ही अवैध निर्माण को मंजूरी।

इसके बाद वर्ष 2015 में संभागीय आयुक्त कोर्ट ने पुराने साविक नक्शे के आधार पर इस होटल के लिए 900 हैक्टेयर पगडंडीनुमा रास्ते की अनुमति दी थी। यह कानून संगत नहीं था, क्योंकि यह रास्ता अमरजोक नदी का है, जो सिसारमा नदी में मिलती है। इसका पानी पिछोला झील में जाता है। इस प्रकार संभागीय आयुक्त कार्यालय उदयपुर ने होटल व्यवसाई को लाभ पहुंचाने की दृष्टि से नदी में रास्ता देकर नियम विरूद्ध आदेश पारित किया था।

इस रास्ते को लेकर गिर्वा तहसीलदार ने वर्ष 2015 में एक रिपोर्ट दी थी जिसमें कहा गया था कि यह रास्ता पगडंडीनुमा है। नदी में पानी नहीं बहने की स्थिति में गांव वाले आने जाने के लिए इसका उपयोग करते हैं। वर्ष 2017 में यूआईटी उदयपुर के सचिव रामनिवास मेहता ने भी इस होटल के भूमि रूपांतरण के लिए मना कर दिया था। बीच में नदी, वन विभाग और सरकारी भूमि होने व होटल को रास्ता नहीं मिलने के कारण निर्माण की यूआईटी की ओर से स्वीकृति दिया जाना संभव ही नहीं था।

उच्च न्यायालय जोधपुर की ओर से अब्दुल रहमान बनाम राज्य के प्रकरण में दिए गए निर्णय में कहा गया था कि जिस भू-भाग पर पानी बहता है, उस पर से पानी के बहाव को अवरूद्ध नहीं करना है। राजस्थान नगरीय क्षेत्र (यदि भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के लिए) आयोग के, अनुशंसा और आवंटन नियम 2012 नियम... के उपनियम-12 "भूमि जल निकायों, या डीलों, जलाशयों जलमग्नता के अधीन आने वाली भूमि को सम्मिलित करते हुए बांध और तालाब या नदी या नाले या झील इत्यादि के बहाब क्षेत्र की भूमि के कृषि भूमि से गैर कृषि प्रयोजनों के लिए उपयोग की अनुज्ञ एवं भूमि आवंटन का निर्बन्धन है।

वर्ष 2018 में सरकार बदलने के साथ ही वर्ष 2019 में ईशान क्लब के होटल मालिक ने पुनः एक साधारण एप्लीकेशन लगाते हुए संभागीय आयुक्त कोर्ट के वर्ष 2015 के आदेश का हवाला देते हुए भूमि रूपांतरण के

(शेष पृष्ठ 5 पर)




# सब रजिस्ट्रार कार्यालय का कनिष्ठ सहायक 1.11 लाख रू. की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## एक अन्य कनिष्ठ सहायक और दलाल मौके से फरार हुए, तलाश जारी

**जालोर, (कासं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जालोर की टीम ने एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर ट्रेप की कार्यवाही करते हुये जालोर सब रजिस्ट्रार कार्यालय के कनिष्ठ सहायक विक्रम सिंह को परिवादी से एक लाख ग्यारह हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जालोर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. महावीरसिंह राणावत के अनुसार परिवादी जालोर के रावली ढाणी निवासी अध्यापक आनंदसिंह ने शिकायत पेश कर बताया कि उसके प्लॉट सिरे मंदिर रोड़ पर आये हुए हैं तथा उक्त प्लॉट की रजिस्ट्री करवाने के एवज में सब रजिस्ट्रार कार्यालय जालोर के कनिष्ठ सहायक विक्रमसिंह व राणाराम शर्मा ने अपने दलाल अधिवक्ता हीरालाल के माध्यम से एक लाख साठ हजार रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।



जालोर एसीबी की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

जिस पर एसीबी जोधपुर के उपमहानिरीक्षक पुलिस कैलाश चंद विश्नोई के सुपरवीजन में शिकायत का सत्यापन किया गया। सत्यापन के बाद एक लाख ग्यारह हजार रूपये देना तय हुआ। गुरूवार देर शाम करीब साढे सात बजे पुलिस निरीक्षक राजेन्द्र सिंह चारण एवं उनकी टीम के साथ ट्रेप कार्यवाही करते हुये परिवादी को रिश्वत की राशि दलाल हीरालाल के माध्यम से देने के लिए सब रजिस्ट्रार कार्यालय भेजा। रिश्वत की राशि लेकर टेबल पर पुन: रखने पर विक्रम सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह जाट निवासी झुंझुनु हाल कनिष्ठ सहायक कार्यालय सब रजिस्ट्रार जालोर को परिवादी से एक लाख 11 हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। वही एसीबी कार्यवाही की भनक लगते ही रिश्वत की राशि आरोपी राणाराम कनिष्ठ सहायक कार्यालय सब रजिस्ट्रार जालोर एवं दलाल हीरालाल (अधिवक्ता प्राईवेट व्यक्ति) द्वारा लेकर फरार हो गये।

एसीबी की टीम की फरार कनिष्ठ सहायक राणाराम व दलाल अधिवक्ता हीरालाल को गिरफ्तार करने के लिए उनकी तलाश जारी है। वही आरोपी से एसीबी जालोर की टीम द्वारा सघन पूछताछ की जा रही है। एसीबी जालोर के एएसपी डॉ. महावीरसिंह राणावत ने बताया कि गुरूवार देर शाम को ट्रेप की कार्यवाही की गई।

# स्थाई लोक अदालतों में अध्यक्ष, सदस्य और स्टाफ के रिक्त पदों पर भर्ती बाबत सुनवाई हुई

## 60 दिन में शपथ पत्र पेश करने के निर्देश

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान उच्च न्यायालय की खंडपीठ के वरिष्ठ न्यायाधीश संदीप मेहता और न्यायाधीश रेखा बोराणा ने राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव को 60 दिन में शपथ पत्र पेश करने का निर्देश दिया है कि राज्य के स्थाई लोक अदालतों में अध्यक्ष,सदस्य और स्टाफ के रिक्त पदों पर भर्ती बाबत अब तक क्या कार्रवाई की है, के बाबत स्थिति स्पष्ट करें, ताकि इनमें न्यायिक कार्रवाई सुचारू हो सके। खंडपीठ ने आगामी तिथि 25 जुलाई मुकर्रर की है।

राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता संदीप शाह ने बताया कि खंडपीठ के आदेश की पालना में आठ जगह जोधपुर महानगर,जयपुर महानगर,अजमेर, कोटा, झालावाड़, भरतपुर, पाली और बालोतरा में पूर्णकालीन अध्यक्ष पद पर नियुक्ति दी जा चुकी है और सदस्यों के रिक्त पदों को भरने के वास्ते आवेदन आमंत्रित कर लिए गए हैं। इस पर प्रार्थी वासुदेव दाधीच की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता अनिल भंडारी ने कहा कि चूरू, सीकर, मेड़ता, धौलपुर, प्रतापगढ़, हनुमानगढ़ और दौसा में अध्यक्ष पद की विस्तारित अवधि भी पूर्ण होने पर भी अभी तक इन पदों के लिए आवेदन आमंत्रित नहीं किए गए हैं।

जोधपुर महानगर सहित कई जगहों पर सदस्यों के पद रिक्त होने से कोरम के अभाव में न्यायिक कार्रवाई शुरू नहीं हो रही है पिछले दो सालों में नहीं के बराबर कार्य हुआ है।जोधपुर में लगभग एक हजार प्रकरण लंबित हो गए हैं । अधिवक्ता अनिल भंडारी ने कहा कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण स्टाफ के स्वीकृत पदों को भी पिछले पांच साल से भरने की कार्रवाई नहीं कर रहा है।

# सूरसागर में संपूर्ण, सरदारपुरा में आंशिक कर्फ्यू हटाया

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर शहर में तीन मई को भड़के उपद्रव के बाद दस थाना क्षेत्र में लागू कर्फ्यू के कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव किया गया है। कर्फ्यू में लगातार दी जा रही छूट के बीच शहर में पूर्णतया शांति बनी हुई है। नए आदेश के अनुसार सूरसागर संपूर्ण थाना क्षेत्र के अलावा सरदारपुरा के सबसे व्यस्त बाजार बी व सी रोड से कर्फ्यू के पूर्णरूप से हटा दिया गया है। वहीं सरदारपुरा के शेष क्षेत्र, प्रताप नगर सदर, शहर कोतवाली, सदर बाजार, खांडा फलसा व नागौरी गेट थाना क्षेत्र में कर्फ्यू लागू रहेगा। अब इन क्षेत्र में सिर्फ रात को दस से लेकर सुबह छह बजे तक कर्फ्यू रहेगा।

पुलिस उपायुक्त राजकुमार चौधरी की तरफ से जारी आदेश में बताया गया है कि हालात की लगातार समीक्षा करने के बाद सूरसागर संपूर्ण थाना क्षेत्र व सरदारपुरा के कुछ हिस्से से कर्फ्यू को पूर्ण रूप से हटाने का फैसला किया गया है। कर्फ्यू प्रभावित क्षेत्र में आवागमन के लिए पूर्व निर्धारित शर्तें लागू रहेंगी।

उल्लेखनीय है कि जोधपुर शहर में अब कुछ और क्षेत्र से कर्फ्यू को हटाया गया है। अन्य थाना क्षेत्र में लागू कर्फ्यू को रात तक सीमित कर दिया गया है।

# कांस्टेबल परीक्षा: पेपर पास कराने के आरोपी पकड़े



भिवाड़ी पुलिस की स्पेशल टीम ने आरोपियों को पकड़ा।

**बहरोड/भिवाडी, (निसं)।** भिवाड़ी जिला पुलिस थाना क्षेत्र मांढ ण में संदिग्धों की सूचना पर भिवाडी जिला पुलिस की स्पेशल टीम ने कार्यवाही करते हुए राजस्थान पुलिस की कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में 1500000 रुपए में पेपर पास करवाने का सौदा करने की जानकारी मिली थी।

भिवाडी जिला पुलिस की स्पेशल टीम ने प्रभावी कार्यवाही करते हुए पुलिस भर्ती परीक्षा में अनुचित तरीके से पास कराने वाले गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से मोबाइल चैट के माध्यम से पेपर, पहचान पत्र व 1500000 रुपए में सौदा करने के चैट की जानकारी मिली है। शांतनु कुमार सिंह जिला पुलिस अधीक्षक भिवाडी के निर्देशन में जिला स्पेशल टीम डीएसटी की कार्यवाही में आरोपी दीपक उर्फ गौरीशंकर पुत्र मुकेश यादव निवासी नांगल मेहता व अमित पुत्र ईश्वर सिंह निवासी कान्हावास जिला अलवर राजस्थान को गिरफ्तार किया। ये लोग बेरोजगार युवकों को झांसा देकर 15 लाख रुपए में पेपर पास कराने का सौदा कर रहे थे, पुलिस टीम ने आरोपियों को धर दबोचा।

# समर्थन मूल्य पर लक्ष्य के मुकाबले कम हुई गेहूं की खरीद

**श्रीगंगानगर, (निसं.)।** भारतीय खाद्य निगम को कृषि में सिरमौर व कृषि बाहुल्य श्रीगंगानगर मंडल सहित राज्य भर में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद बहुत कम मिला है।श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले में इस बार 13.37 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद की तुलना में 750 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है।

इसमें श्रीगंगानगर जिले में 6.65 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य था जबकि इस बार 34 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। इस बार दोनों जिलों में 750 मीट्रिक टन ही गेहूं की खरीद की गई है। इस बार राज्य में 22.32 लाख मीट्रिक टन की तुलना में 756 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद किया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले में एमएसपी पर एक दशक का रेकॉर्ड 12 लाख 81 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई थी। जबकि श्रीगंगानगर मंडल में भारतीय खाद्य निगम, राजफैड, तिलम संघ व व्यापारी वर्ग ने 13 लाख 38 हजार 581 मीट्रिक टन की गेहूं खरीद की थी। पिछले एक दशक की बात करें तो वर्ष 2010-11 में एमएसपी पर 3 लाख 53 हजार 850 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई थी। इसके बाद इस वर्ष 750 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई थी।

कोटा का भी यही हालभारतीय खाद्य निगम की राज्य भर में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद की स्थिति बहुत ज्यादा चल रही है। श्रीगंगानगर मंडल के बाद कोटा राज्य का 30 प्रतिशत गेहूं की खरीद करता है जबकि इस बार कोटा में साढ़े छह मीट्रिक गेहूं की खरीद हुई है।

# सड़क हादसे में दो भाई सहित तीन की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में ट्रक ने इलेक्ट्रिक स्कूटी को चपेट में ले लिया। हादसे में दो भाईयों सहित तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात में प्रतापनगर थाना क्षेत्र प्रतापनगर चौराहा पर मार्बल से भरे ट्रक ने ई-स्कूटी को चपेट में ले लिया। हादसे में स्कूटी चालक करोल बाग दिल्ली निवासी विक्की उर्फ मनी कुमार पुत्र चन्द्रपाल सिंह, कुणाल (16) पुत्र चन्द्रपालसिंह तथा प्रीतम पहलवान गली सुदरवास हॉल सूखानाका निवासी, रोनक यादव (15) पुत्र बासु यादव की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर प्रतापनगर थानाधिकारी दर्शनसिंह, हेडकांस्टेबल लालसिंह मय जाप्ता ने मौके पर पहुंच कर मृतकों को एमबी चिकित्सालय मोर्चरी में रखवा परिजनों को सूचना दी है।

# डॉ. अर्चना सुसाइड प्रकरण में प्रसूता का पति व जेठ गिरफ्तार

- **समझौते में पति व जेठ द्वारा लिए गए तीन लाख रुपये बरामद किए**

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड के आनंद हॉस्पिटल की महिला चिकित्सक अर्चना शर्मा सुसाइड प्रकरण में मृतक प्रसूता के पति लल्लू राम बैरवा एवं उसके जेठ भोमाराम बैरवा को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही दोनों आरोपियों के कब्जे से समझौता में पति व जेठ द्वारा लिए गए तीन लाख रुपयों को भी बरामद किया गया है।

वहीं डॉ अर्चना सुसाइड प्रकरण में अब तक दस लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सुसाइड प्रकरण में गिरफ्तार सभी दस आरोपी न्यायिक अभिरक्षा जेल में चल रहे हैं। महिला चिकित्सक सुसाइड प्रकरण में मुख्य आरोपी शिव शंकर जोशी उर्फ बल्या व खंडार के पूर्व विधायक संसदीय सचिव रहे जितेंद्र गोठवाल एवं कांग्रेस एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश सचिव रहे हरकेश मीणा शाहपुरा और भाजपा के जिला उपाध्यक्ष पूर्व सरपंच हरकेश मीणा मटलाना सहित 8 आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद कोर्ट से मिले आदेशों पर सभी आरोपियों को जेल भेज चुकी है।

इस महिला चिकित्सक सुसाइड प्रकरण में तत्कालीन थानाधिकारी अंकेश चौधरी एवं पुलिस उपाधीक्षक शंकर लाल मीणा को निलंबित किया था। इस घटनाक्रम को लेकर संभागीय आयुक्त ने उस समय लालसोट में पदस्थ रहे पुलिस उप अधीक्षक शंकर लाल मीणा एवं थानाधिकारी अंकेश चौधरी आदि के भी बयान लिए थे।

# डेफलंपिक्स : धनंजय, पृथ्वी ने रजत जीता

कैक्सिय दो सुल (ब्राज़ील), 13 मई। पृथ्वी शेखर और धनंजय दूबे की पुरुष जोड़ी ने कैक्सियस दो सुल में चल रहे डेफ़ ऑलंपिक्स की टेनिस युगल प्रतियोगिता में भारत के लिए पहला रजत पदक जीता। पृथ्वी-धनंजय की जोड़ी को फ्रांस के मिकाइल एलिक्स लौरेंट और विनसेंट नोवेली के ख़िलाफ़ गुरुवार को खेले गये फ़ाइनल मुकाबले में 6-7(5), 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। क्वार्टरफाइनल में निकोलस सर्ज और मैक्सिम सांचेज को 6-0, 6-1 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे पृथ्वी और धनंजय ने फाइनल में पहुंचने के लिए अर्जेंटीना के माटेओ जीसस और निकोलस गुस्तावो को 6-4, 6-0 से हराया। भारत ने अब तक डेफ़लंपिक्स में सात स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक सहित 12 पदक जीते हैं।

# पूर्व चैम्पियन आमिर खान ने मुक्केबाजी से संन्यास की घोषणा की

लंदन, 13 मई। पूर्व लाइट-वेल्टरवेट विश्व चैम्पियन आमिर खान ने शानदार करियर के बाद मुक्केबाजी से संन्यास लेने की घोषणा की जिसमें 2004 एथेंस ओलंपिक में रजत पदक भी शामिल रहा। आमिर खान ने ट्विटर पर कहा, "अब संन्यास लेने का समय आ गया है। " पैंतीस साल के इस मुक्केबाज ने कहा, "मैं भाग्यशाली हूं कि मेरा 27 साल का करियर शानदार रहा। "

# कोरोना मुक्त हुए शाकिब अल हसन

ढाका, 13 मई। श्रीलंका के ख़िलाफ़ टेस्ट सीरीज़ से पहले बांग्लादेश टीम ने राहत की सांस ली है क्योंकि उनके स्टार हरफ़नमौला शाकिब अल हसन कोरोना मुक्त हो चुके हैं। मंगलवार को शाकिब आरटीपीसीआर और रैपिड एंटीजन टेस्ट में पॉज़िटिव पाए गए थे। बांग्लादेशी टीम के एक अधिकारी ने बताया कि शाकिब शुक्रवार को चटगांव पहुंचेंगे जहां उन्हें मेडिकल और फ़िटनेस टेस्ट से गुज़रना होगा। इसके बाद ही टीम में उन्हें शामिल करने पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। शाकिब 11 मई को टेस्ट दल के साथ जुड़ने वाले थे। हालांकि कोरोना संक्रमित होने के कारण उन्हें क्वारंटीन में रहना पड़ा। बांग्लादेश ने उनके बदले किसी रिप्लेसमेंट खिलाड़ी की घोषणा नहीं की थी और शाकिब का वापस आना चोट से ठास्त टीम के लिए ख़ुशी की लहर से कम नहीं है। मेहदी हसन मिराज़ और तस्कीन अहमद क्रमश: उंगली और कंधे की चोट के चलते पहले ही टीम से बाहर हैं, जबकि टीम में चुने जाने के बावजूद शरीफ़ुल इस्लाम की फ़िटनेस पर संदेह बना हुआ है। गेंदबाज़ी के साथ-साथ बांग्लादेश की बल्लेबाज़ी को भी मध्य क्रम में शाकिब के अनुभव की आवश्यकता है। दक्षिण अफ्रीका में दो मैचों में लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेशी टीम 53 और 80 के स्कोर पर सिमट गई थी। शाकिब की जगह को भरने के लिए टीम को दो खिलाड़ियों की ज़रूरत पड़ रही थी।

# बेयरस्टो और लिविंग्स्टन के विस्फोटक अर्द्धशतकों से पंजाब की उम्मीदें कायम

## रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु को 54 रन से हराया



### स्कोर बोर्ड

| कोलकाता नाईट राइडर्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| बेयरस्टो का सिराज बो शाहबाज | 66 | 29 | 4 | 7 |
| धवन बो मैक्सवैल | 21 | 15 | 2 | 1 |
| राजपक्षा गा हर्षल बो हसरंगा | 1 | 3 | 0 | 0 |
| लिविंगस्टन का कार्तिक बो हर्षल | 70 | 42 | 5 | 4 |
| मयंक का हसरंगा बो हर्षल | 19 | 16 | 3 | 0 |
| जितेश बो हसरंगा | 9 | 5 | 2 | 0 |
| हरप्रीत का कार्तिक बो हर्षल | 7 | 5 | 0 | 1 |
| रिश्र्षि बो हर्षल | 7 | 3 | 0 | 1 |
| राहुल रन आउट | 2 | 2 | 0 | 0 |
| रबाडा नाबाद | 0 | 1 | 0 | 0 |
| **अतिरिक्त :** | 7 | | | |

**कुल :** कुल 20 ओवर में 9 विकेट पर 209 रन
**विकेट पतन :** 1-60, 2-85, 3-101, 4-152, 5-164, 6-173, 7-208, 8-207, 9-209
**गेंदबाजी :** मैक्सवेल 2-0-17-1, हेजलवुड 4-0-64-0, सिराज 2-0-36-0, हसरंगा 4-0-15-2, शाहबाज 4-0-40-1, हर्षल 4-0-34-4

| रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कोहली का राहुल बो रबाडा | 20 | 14 | 2 | 1 |
| डु प्लेसिस का जितेश बो ऋषि | 10 | 8 | 2 | 0 |
| पाटीदार का शिखर बो राहुल | 26 | 21 | 1 | 2 |
| लोमरोर का शिखर बो ऋषि | 6 | 3 | 0 | 1 |
| मैक्सवेल का अर्शदीप बो हरप्रीत | 35 | 22 | 3 | 1 |
| कार्तिक का भानुका बो अर्शदीप | 11 | 11 | 1 | 0 |
| शाहबाज का भानुका बो रबाडा | 11 | 7 | 2 | 0 |
| हर्षल का मयंक बो रबाडा | 11 | 7 | 2 | 0 |
| हसरंगा का हरप्रीत बो राहुल | 1 | 3 | 0 | 0 |
| सिराज नाबाद | 9 | 13 | 1 | 0 |
| हेजलवुड नाबाद | 7 | 4 | 1 | 0 |
| **अतिरिक्त :** | 10 | | | |

**कुल :** 20 ओवर में 9 विकेट पर 155 रन
**विकेट पतन :** 1-33, 2-34, 3-40, 4-104, 5-104, 6-120, 7-124, 8-137, 9-142
**गेंदबाजी :** हरप्रीत 4-0-33-1, अर्शदीप 4-0-27-1, रबाडा 4-0-21-3, ऋषि 4-0-36-2, राहुल 4-0-36-2

मुम्बई, 13 मई। जानी बेयरस्टो (66) और लियाम लिविंग्स्टन (70) के विस्फोटक अर्धशतकों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से पंजाब किंग्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को आईपीएल मुकाबले में शुक्रवार को 54 रन से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को कायम रखा।

पंजाब ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 209 रन का मजबूत स्कोर बनाया और फिर बेंगलुरु के चैलेंज को 20 ओवर में नौ विकेट पर 155 रनों पर रोक दिया। पंजाब की 12 मैचों में यह छठी जीत है और वह अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गया है। बेंगलुरु को 13 मैचों में छठी हार का सामना करना पड़ा लेकिन वह चौथे स्थान पर बरकरार है। बेंगलुरु को प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों के लिए अपना आखिरी मैच हर हाल में जीतना होगा।

टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरे पंजाब ने तूफानी शुरुआत करते हुए पॉवरप्ले में बेंगलुरु के गेंदबाजों का धुंआ निकाल दिया। पहले बल्लेबाज के रूप में शिखर धवन जब पांचवें ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हुए तो उस समय पंजाब का स्कोर 60 रन पहुंच चुका था। बेयरस्टो ने कातिलाना अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए मात्र 29 गेंदों में चार चौकों और सात छक्कों की मदद से 66 रन बनाये। शिखर 15 गेंदों में 21 रन बनाकर आउट हुए। लिविंग्स्टन ने 42 गेंदों पर 70 रन में पांच चौके और चार छक्के लगाए।

हरप्रीत बराड़ और ऋषि धवन ने भी सात-सात रन की पारियों में एक-एक छक्का लगाया। कप्तान मयंक अठावाल ने 16 गेंदों पर तीन चौकों के सहारे 19 रन बनाये। बेंगलुरु के गेंदबाज़ इस मुक़ाबले में काफ़ी महंगे सिद्ध हुए। मोहम्मद सिराज और जॉश हेज़लवुड ने मिलकर छह ओवर में सौ रन लुटा दिए, हेज़लवुड ने चार ओवर में जहां 64 रन दिए, वहीं सिराज ने दो ओवरों में 36 रन खर्च कर डाले। हालांकि हसरंगा ने अपने कोटे के ओवरों में सिर्फ़ पंद्रह रन दिए और दो विकेट भी अपने नाम किए। हर्षल पटेल ने चार ओवर में 34 रन देकर चार विकेट हासिल किये।

# भारत 43 साल बाद थॉमस कप के सेमीफाइनल में

बैंकाक, 13 मई। भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने गुरुवार को मलेशिया को 3-2 से हराकर 43 साल के लम्बे इन्तजार के बाद थॉमस कप टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। भारत इससे पहले तीन बार-1952, 1955 और 1979 में सेमीफाइनल में पहुंचा था। भारत 2020 में पिछले संस्करण के क्वार्टरफाइनल में हार गया था। भारत का सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया और डेनमार्क के बीच मुकाबले के विजेता से मुकाबला होगा। किदाम्बी श्रीकांत, एच इस प्रणय और चिराग शेट्टी तथा सात्विक सैराज रन्किरेड्डी की जोड़ी ने अपने अपने मुकाबले जीतकर भारत को सेमीफाइनल में पहुंचाया। विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन अपना मुकाबला हार गए। पहले मैच में लक्ष्य सेन को विश्व के नंबर छह खिलाड़ी ली ज़ी जिया ने हरा दिया, जिसके बाद भारतीय टीम बैकफुट पर चली गई। इस मैच से पहले सेन ने ज़ी जिया के खिलाफ खेले गए दोनों मैच जीते थे।हालांकि इस मैच में मलेशिया के ज़ी जिया सेन पर हावी रहे और उन्होंने सेन को 23-21, 21-9 से मात दी।

शेट्टी और रन्कीरेड्डी की भारतीय पुरुष जोड़ी ने दूसरे मैच में स्कोर बराबर किया। इस जोड़ी ने फॉर्म में चल रहे गोह स्ज़े फी और नूर इज़ुद्दीन को हराकर मैच 21-19, 21-15 से जीता। विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने इसके बाद तीसरे मुकाबले में भारत को बेहद जरूरी बढ़त दिलाई। श्रीकांत ने एनजी त्जे योंग को सीधे गेमों में 21-11, 21-17 से हराया। मलेशिया को चौथे मैच में वापसी करवाते हुए आरोन चिया और टीओ ई ने कृष्णा प्रसाद और विष्णुवर्धन पंजाला को 21-19, 21-17 के अंतर से हराया। रोमांच से भरे फाइनल टाई में, प्रणय ने भारत को थॉमस कप के सेमीफाइनल में ले जाने के लिये लिओंग जून हाओ के खिलाफ मैच को 21-13, 21-8 से जीत लिया।

# विश्वनाथन आनंद फिडे के उपाध्यक्ष का चुनाव लड़ेंगे



चेन्नई, 13 मई। पांच बार के विश्व शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद को अंतरराष्ट्रीय शतरंज संघ (फिडे) के उपाध्यक्ष के पद के लिये उम्मीदवार घोषित किया गया है। आनंद का नाम फिडे के अध्यक्ष आरकेडी वारकोविच की अध्यक्ष टीम के हिस्से के रूप में घोषित किया गया है। आनंद ने इस बारे में ट्वीट करते हुए कहा, "शतरंज के उज्जवल और बेहतर भविष्य का हिस्सा बनने की आशा करता हूं।" ट्वीट में कहा गया कि यदि वोरकोविच अगस्त 2022 में (विश्व चेस ऑलंपियाड के दौरान) चेन्नई में होने वाले फिडे चुनाव जीत जाते हैं तो विश्वनाथन आनंद फिडे के उपाध्यक्ष बन जाएंगे। इस बारे में वोरकोविच ने कहा, "प्रिय साथियों और शतरंज खेलने वाले मित्रों, फाइड अध्यक्ष चुनावों के लिये मैं खुशी के साथ अपनी मौजूदा टीम प्रस्तुत करना चाहूंगा। आरकेडी वोरकोविच- अध्यक्ष, विश्वनाथन आनंद- उपाध्यक्ष (डिप्टी प्रेसिडेंट), ज्हू चेन-कोषाध्यक्ष, जोरियान ऑलिन जैनसन- उपाध्यक्ष (वाइस प्रेसिडेंट), माहिर मामेदोव- उपाध्यक्ष (वाइस प्रेसिडेंट)।" उल्लेखनीय है कि आनंद ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि वह चुनाव में वोरकोविच का पूर्ण समर्थन करेंगे।

# बाकी बचे दो मुकाबलों से भी बाहर रह सकते है पृथ्वी

मुम्बई, 13 मई। दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज़ पृथ्वी शॉ लीग स्टेज में बचे दिल्ली के दोनों मुक़ाबलों से भी बाहर रह सकते हैं। टीम के सहायक कोट शेन वॉटसन ने पृथ्वी के स्वास्थ्य को लेकर बरकरार संशय पर अपने बयान में कहा कि लीग स्टेज के अंतिम दो मुक़ाबलों में शॉ के खेलने की संभावना कम ही है। शॉ को बुखार हो गया है वॉटसन ने गुरुवार को ठोड क्रिकेटर पॉडकास्ट से कहा, "मैं उनके निदान को ठीक से नहीं जानता, लेकिन उन्हें पिछले कुछ हफ़्तों से यह अंतर्निहित बुखार है, जिसे खोजने के लिए उन्हें वास्तव में इसकी तह तक जाना पड़ा है।

# मैं चयनकर्ता होता तो कार्तिक को टी-20 विश्वकप के लिये चुनता : हरभजन

कोलकाता, 13 मई। पूर्व भारतीय ऑफ़-स्पिनर हरभजन सिंह ने आईपीएल 2022 में दिनेश कार्तिक के प्रदर्शन की तारीफ़ करते हुए कहा है कि अगर वह चयनकर्ता होते तो दिनेश कार्तिक को टी20 वर्ल्ड कप के लिये भारतीय टीम में जगह देते।

स्टार स्पोर्ट्स पर गेमप्लैन एपिसोड के दौरान हरभजन ने कहा, "दिनेश कार्तिक ने आरसीबी के लिये बेमिसाल प्रदर्शन किया है। वह ऑफ़ साइड्स से ज़्यादा बेहतर शॉट लेग साइड में खेलते हैं, अच्छी तरह सिंगल भी लेते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि उनकी खासियत यह है कि वह खेल को अच्छी तरह समझते हैं। जब भी उन्हें मौका मिलता है तो वह मैच को खत्म करते हैं। मेरे अनुसार अगर किसी ने पूरे आईपीएल में फिनिशर का किरदार सबसे अच्छी तरह निभाया है तो वह कार्तिक हैं।"



उन्होंने कहा, "अगर मैं एक चयनकर्ता होता तो मैं उन्हें विश्व कप टी20 के लिए ऑस्ट्रेलिया का टिकट देता और उन्हें भारत के लिए विकेटकीपर-बल्लेबाज़ के रूप में खेलने देता क्योंकि वह इसके हकदार थे। अगर कभी भारतीय क्रिकेट टीम को सर्वश्रेष्ठ फिनिशर की जरूरत होती है तो वह दिनेश होना चाहिए। कार्तिक और हार्दिक पांड्या के साथ वे एक बहुत शक्तिशाली टीम बन जाते हैं। वैसे भी, मैं भविष्य में बहुत दूर तक बात नहीं करूंगा लेकिन हां, एक बार फिर, मुझे कहना होगा कि दिनेश कार्तिक इस सीज़न में अविश्वसनीय रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि उन्हें थोड़ा जल्दी बल्लेबाज़ी करने का मौका मिलेगा। उनके लिए खेल खत्म करने के लिए 15-16 ओवर काफ़ी हैं।"

इस सीजन में बैंगलोर पर दिनेश कार्तिक के प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर कोच संजय बांगर ने कहा कि वह आरसीबी के लिए बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और युवा खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ खेल खेलने में भी मदद कर रहे हैं।

# पानी के लिए कांग्रेस व भाजपा के पार्षदों ने लोगों के साथ प्रदर्शन किया

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में पानी की समस्या के स्थाई समाधान की मांग को लेकर करीब 40 कांग्रेस-भाजपा व निर्दलीय पार्षद लोगों के साथ शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने जलदाय विभाग व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मटके फोडकर प्रदर्शन किया। परेशान होने पर नगर परिषद प्रतिपक्ष नेता व पार्षद हकीमभाई और बाबूलाल आर्य ने पार्षद पद से इस्तीफा ही सौंप दिया।

सुबह करीब साढ़े दस बजे जलदाय विभाग व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पार्षद व वार्डवासी कलेक्ट्रेट पहुंचे। धरना-प्रदर्शन की इजाजत प्रशासन की ओर से नहीं मिलने की स्थिति में तेज धूप से बचने से लिए छतरियां लेकर पहुंचे थे। तेज धूप में सड़क पर जाजम बिछाकर उन्होंने पेयजल समस्या के समाधान की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की।

बाद में चंद्रभान सिंह भाटी कलेक्ट्रेट के गेट तक आए तथा उनका ज्ञापन लिया। इस दौरान नगर परिषद प्रतिपक्ष नेता हकीम भाई, पार्षद बाबूलाल आर्य, पूर्व पार्षद किशोर सोमनानी, नरेश मेहता, कांतिलाल वैष्णव, महेन्द्र वैष्णव, राधेश्याम चौहान ने उन्हें अपने-अपने वार्ड सहित कई पार्षदों ने अपने वार्ड क्षेत्र की पेयजल समस्या से अवगत करवाया तथा समाधान की मांग की। करीब तीन घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान पुलिस के जवान बगुलाल मीणा, सीओ सिटी अनिल सारण, सीओ ग्रामीण मंगलेश चुण्डावत, सीओ महिला सैल गौतम जैन, सीओ विकास कुमार के नेतृत्व में पुलिस जाप्त तैनात रहा।



पाली में पानी की समस्या के स्थाई समाधान की मांग को लेकर कांग्रेस, भाजपा व निर्दलीय पार्षद लोगों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। फोटो-राष्ट्रदूत

### दो पार्षदों ने सौंपे इस्तीफे

नगर परिषद प्रतिपक्ष नेता व पार्षद हकीम भाई, पार्षद बाबूलाल आय ने एडीएम को मुख्यमंत्री के नाम अपने इस्तीफे सौंपे। जिसमें बताया कि पेयजल समस्या का स्थाई समाधान नहीं होने के कारण वे इस्तीफा दे रहे हैं, क्योंकि पद की बेड़ियों की वजह से वे खुलकर जनता का साथ नहीं दे पा रहे हैं।

उप सभापति व पार्षद ललित प्रतिमानी, पार्षद हकीम भाई, बाबूलाल आर्य, पुष्पा-किशोर सोमनानी, हीना-कांतिलाल वैष्णव, नरेश मेहता, महेबूब टी, विक्रमपालसिंह, जय जसवानी, दिलीप चौधरी, तेजाराम भायल, विट्ठल बागड़ी, प्रवीण आर्य, महेन्द्र वैष्णव, ललिता-मोहित सोलंकी, लीलादेवी, संतोषदेवी, खुशबू-लोकेश सोनी, राधेश्याम चौहान, रमेश बंजारा, ओम स्वामी, तालिब अली, अकरम खिलेरी, ऊषा-सुरेश चौधरी, फूलीदेवी-बलवंत पटेल, रमेश चावला, निर्मल तेजी, नेतल हिंगड़, लुणसिंह, मोहन घांची, दिलीप ओड, ज्योति-जितेन्द्र राजपुरोहित, दीपाराम, ओमप्रकाश चौधरी, मोइनुद्दीन भाटी सहित कई भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ता व वार्डवासी मौजूद रहे।

## आवासीय योजना से हटाए अतिक्रमण

**जोधपुर**, (कासं)। डॉ. इन्द्रजीत यादव आयुक्त जोधपुर विकास प्राधिकरण के निर्देशानुसार अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने नियमित रूप से अवैध एवं अनाधिकृत निर्माणों, अवैध कॉलोनियों, पार्किंग के इतर निर्मित बहुमंजिला इमारतों, सडक मार्गाधिकार के अतिक्रमणों तथा विभिन्न अन्य अतिक्रमणों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की। शुक्रवार को प्राधिकरण दस्ते ने ग्राम पोपावास एवं प्राधिकरण की रामराज नगर आवासीय योजना में किए गए अनाधिकृत अतिक्रमणों को ध्वस्त किया। जेडीए दस्ते ने राजस्थान हॉस्पिटल के सामने मुख्य बनाड-जयपुर रोड पर अवैध रूप से चल रहे व्यवसायिक दुकानों के निर्माण कार्य को बंद करवाया।

उपायुक्त पश्चिम नीरज मिश्र के निर्देशानुसार तहसीलदार पश्चिम विकास सारण के निर्देशन दस्ते ने ग्राम पोपावास के खसरा संख्या 135 किस्म बारानी तृतीय प्राधिकरण की भूमि का मौका निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 80 गुणा 50 फीट में पट्टियां खडी कर अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण किया हुआ पाया गया।

## कार्यों का जायजा लिया

**जोधपुर**, (कासं)। जिला कलेक्टर से हिमांशु गुप्ता ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2019-20 में स्वीकृत राष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से परिपूर्ण बस स्टेण्ड के 38 करोड की राशि के कार्यो का जायजा लिया। प्रोजेक्ट डायरेक्टर आरएसआरडीसी दीपक भाटी से कार्यो की जानकारी ली।


कार्यालय ग्राम पंचायत सांजटा
पंचायत समिति बाडमेर ग्रामीण

ई-निविदा सूचना 01/2022-23 दिनांक 10.05.2022

ग्राम पंचायत सांजटा में वितीय वर्ष 2022-23 में महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत एवं ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं में ग्राम पंचायत स्तर पर कराये जाने वाले निर्माण कार्यो में सामग्री/सेवाओं की आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से ई-निविदायें आंमंत्रित की जाती हैं। विस्तृत जानकारी https://www.sppp.rajasthan.gov.in & www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

NIB Code - ZBM2223A0180 UBN is: ZBM2223GLOB00201

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सांजटा — सरपंच, ग्राम पंचायत सांजटा

कार्यालय ग्राम पंचायत काउ का खंडा
पंचायत समिति बाडमेर ग्रामीण

ई-निविदा सूचना 01/2022-23 दिनांक 11.05.2022

ग्राम पंचायत काउ का खंडा में वितीय वर्ष 2022-23 में महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत एवं ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं में ग्राम पंचायत स्तर पर कराये जाने वाले निर्माण कार्यो में सामग्री/सेवाओं की आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से ई-निविदायें आंमंत्रित की जाती हैं। विस्तृत जानकारी https://www.sppp.rajasthan.gov.in & www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

NIB Code - ZBM2223A0184 UBN is: ZBM2223GLOB00205

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत काउ का खंडा — सरपंच, ग्राम पंचायत काउ का खंडा


## दानिश अली को विधि सलाहकार बनाया

**जोधपुर**, (कासं)। एडवोकेट दानिश अली को जोधपुर शहर जिला युवा कांग्रेस में विधि सलाहकार मनोनीत किया गया है।

भारतीय युवा कांग्रेस के शहर जिलाध्यक्ष रियाज मोहम्मद ने बताया कि भारतीय युवा कांठोस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवासन, राष्ट्रीय महासचिव व प्रभारी राजस्थान डॉ. पलक वर्मा, राष्ट्रीय सचिव व सहप्रभारी मितेंद्र दर्शन सिंह, प्रदेशाध्यक्ष गणेश गोगरा के निर्देशानुसार यह नियुक्ति दी गई है। नियुक्ति पर एडवोकेट दानिश अली ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, शहर विधायक मनीषा पंवार, राज्य पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन राजेन्द्र सिंह सोलंकी, नगर निगम उत्तर की महापौर कुंती परिहार, मेला प्राधिकरण के उपाध्यक्ष रमेश बोरिया पार्षद शहबाज खान, पार्षद शेर मोहम्मद, जिलाध्यक्ष रियाज मोहम्मद, एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश महासचिव अंकित गहलोत का आभार जताया।



एडवोकेट दानिश अली

## टीकाराम जूली ने बैठक ली

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग व कारागार विभाग के मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री टीकाराम जूली शुक्रवार को जिले के दौरे पर रहे। उन्होंने जिला परिषद सभागार में राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति को लेकर आयोजित बैठक में समीक्षा की।

मारवाड़ जंक्शन विधायक खुशवीर सिंह जोजावर, जिला कलक्टर नमित मेहता, अतिरिक्त जिला कलक्टर चंद्रभान सिंह भाटी ,अतिरिक्त जिला कलक्टर सीलिंग राधेश्याम मीणा, समाजसेवी महावीर सुकरलाई व शोभा सोलंकी सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि समस्त अधिकारी राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा प्रगति को प्राप्त करें।

# उत्कर्ष का बालोतरा में वन टू वन काउंसलिंग सेशन हुआ



उत्कर्ष क्लासेस द्वारा बालोतरा में 10 वीं तथा 12वीं बोर्ड उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए व्यक्तिगत रूप से वन टू वन कॉउन्सलिंग सेशन का आयोजन रखा गया।

**जोधपुर**, (कासं)। उत्कर्ष क्लासेस द्वारा बालोतरा के होटल मिलान में 10वीं तथा 12वीं बोर्ड उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए शुक्रवार प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे तक व्यक्तिगत रूप से वन टू वन कॉउन्सलिंग सेशन का आयोजन रखा गया। कॉउन्सलिंग सेशन में उत्कर्ष, नीट-जेईई के एक्सपर्ट्स द्वारा विद्यार्थियों का व्यक्तिगत तौर पर मार्गदर्शन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने अपने भावी कॅरियर हेतु मेडिकल या इंजीनियरिंग के विकल्पों में से सर्वोचित्त विकल्प का चयन व चयन में आने वाली सामान्य समस्याओं तथा उनसे जुडी अपनी जिज्ञासाओं का उचित समाधान प्राप्त किया।

नीट-जेईई के प्रमुख दिनेश वैष्णव ने जानकारी दी की बोर्ड परीक्षाएँ पास करने के पश्चात अक्सर बहुत से विद्यार्थी कॅरियर के लिए उपयुक्त क्षेत्र का चयन करने संबंधी दुविधा का सामना करते हैं। इन्हीं विद्यार्थियों में ऐसे विद्यार्थी भी शामिल होते हैं जो आगे भविष्य में स्वयं को एक डॉक्टर या इंजीनियर के रूप में देखना चाहते हैं, लेकिन कई बार उन्हें सही समय पर सही सलाह मिल नहीं पाती। ऐसे में निश्चित ही उन्हें सटीक और तर्क संगत मार्गदर्शन देने की आवश्यकता होती है ताकि वे इस असमंजस से बाहर निकल कर कॅरियर व भविष्य के प्रति सुनिश्चित होकर उसी दिशा में अपने कदम बढा सकें।

नीट-जेईई में हिंदी माध्यम के नए ऑफलाइन बैच की जानकारी देते हुए दिनेश वैष्णव ने बताया कि जोधपुर के 564वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर गुरुवार, 12 मई को आखलिया चौराहा स्थित उत्कर्ष के नीट-जेईई कैंपस में नए विद्यार्थियों के स्वागत समारोह के साथ हिंदी माध्यम के नए ऑफलाइन बैच (12वीं तथा टारगेट बैच) को प्रारंभ कर दिया गया है।

इस दौरान उत्साहित विद्यार्थियों को अनिवार्य एवं कोर्स से जुडी आवश्यक जानकारियाँ प्रदान की गई। उत्कर्ष के फाउन्डर एवं सीईओ डॉ. निर्मल गहलोत ने छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।


कार्यालय ग्राम पंचायत अणखिया
पंचायत समिति-आडेल, बाडमेर

क्रमांक: ग्रा.पं./निविदा/2022/13 दिनांक:12.05.2022

निविदा सूचना संख्या- 04/2022-23

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस कार्यालय के अधिनस्थ ग्राम पंचायत अणखिया के कार्य **पाईप लाईन सार्वजनिक टांका खेमाराम/ उमाराम के टांके सार्वजनिक टांका जसनाथ मंदिर तक से** हेतु मय दो वर्ष का दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरीयड) हेतु सा नि वि में उपयुक्त श्रेणी (न्युनतम "डी" श्रेणी) में पंजीकृत एवं संवेदक जो कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग डाक एवम् दूर संचार रेल्वे या अन्य राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनो जो कि राजस्थान सरकार के "डी" एवं उच्च (बी "ए" एवं "एए") श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो, से निर्धारित परिपत्र में आनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.and www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN NO - PKW2223WSOB00014

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अणखिया, पंचायत समिति आडेल

कार्यालय ग्राम पंचायत अणखिया
पंचायत समिति-आडेल, बाडमेर

क्रमांक: ग्रा.पं./निविदा/2022/14 दिनांक:12.05.2022

निविदा सूचना संख्या- 03/2022-23

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस कार्यालय के अधिनस्थ ग्राम पंचायत अणखिया के कार्य **चार दिवारी ऊचाई बढाना कार्य रा.बा.मा.वि कुशले की ढाणी** हेतु मय दो वर्ष का दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरीयड) हेतु सा नि वि में उपयुक्त श्रेणी (न्युनतम "डी" श्रेणी) में पंजीकृत एवं संवेदक जो कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग डाक एवम् दूर संचार रेल्वे या अन्य राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनो जो कि राजस्थान सरकार के "डी" एवं उच्च (बी "ए" एवं "एए") श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो, से निर्धारित परिपत्र में आनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in and www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN NO - PKW2223WSOB00013

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अणखिया, पंचायत समिति आडेल


## प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या में थोड़ी कमी आई

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । प्रदेश में शुक्रवार को करोना संक्रमण के मामलों में थोड़ी कमी आई है। इसके चलते राज्य में 70 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं इस बीच 92 मरीजों के ठीक होने के साथ एक्टिव केस घटकर 616 रह गए हैं।

प्रदेश में शुक्रवार को 12 जिलों में 70 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले शनिवार को 80 रोगी पाए गए थे। इधर आज राजधानी जयपुर में थोड़ी वृद्धि के बाद 49 नए संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा अलवर में 10, धौलपुर में 6, जोधपुर और चूरू में 3-3, अजमेर और उदयपुर में 2-2 तथा बीकानेर, दौसा, गंगानगर, झालावाड़ और कोटा में 1-1 नया संक्रमित मिला है। इस बीच 21 जिलों बांसवाड़ा, बारां, बाड़मेर, भरतपुर, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जालोर, झुंझुनूं, करौली, नागौर, पाली, प्रतापगढ़, राजसमंद, सवाई माधोपुर, सीकर, सिरोही और टोंक में कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला है। प्रदेश में शुक्रवार को रिकवरी में सुधार हुआ है। इस दौरान 92 मरीज ठीक हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस घटकर 616 रह गए हैं।

## डॉ. सुभाष गर्ग ने फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा की

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर जिले के प्रभारी मंत्री, तकनीकि शिक्षा, आयुर्वेद और भारतीय चिकित्सा एवं जन अभियोग निराकरण मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ जरूरतमन्दों तक पहुंचाने के लिए समर्पित भाव से दायित्वों के निर्वहन का आहवान किया है और कहा है कि सामाजिक सरोकारों से जुड़ी योजनाओं से अधिक से अधिक लाभान्वित करें।

प्रभारी मंत्री ने शुक्रवार को जोधपुर जिला कलैक्ट्री सभा कक्ष में फ्लेगशिप योजनाओं की प्रगति के संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह आ ान किया।

प्रभारी मंत्री ने फ्लेगशिप योजनाओं की अब तक की प्रगति के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए अधिकारियों से विभागवार एवं क्षेत्रवार जानकारी ली और इनके बारे में उपस्थित जन प्रतिनिधियों से फीडबैक भी लिया और इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को व्यापक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में शहर विधायक मनीषा पंवार, महापौर श्रीमती कुन्ती देवड़ा, समाजसेवी अयूब खान, सलीम खान, नरेश जोशी, जिले के प्रभारी सचिव जितेन्द्र कुमार उपाध्याय, जिला कलक्टर हिमांशु गुप्ता, जेडीसी डॉ. इन्द्रजीत यादव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक सुराणा, पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) सुनील कयाल, अतिरिक्त जिला कलक्टर-प्रथम मदनलाल नेहरा, अतिरिक्त जिला कलक्टर- द्वितीय राजेन्द्र डांगा, अतिरिक्त कलक्टर(शहर) रामचन्द्र गरवा सहित नगर निकायों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### शेष रहे परिवारों को स्वास्थ्य बीमा योजना से जोड़े

प्रभारी मंत्री ने जिले में लोक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए व्यापक निर्देश प्रदान करते हुए विशेषकर मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना से शेष रहे परिवारों को जोड़ने का काम प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए और कहा कि इसके लिए विद्यालयों के सहयोग से जानकारी पहुंचाने के साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आशाओं आदि के माध्यम से प्रेरक माहौल जगाते हुए प्रभावी प्रयास किए जाने चाहिएं। आम जन की सेहत रक्षा की इस योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाना चाहिए।



वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग एवं जसलमेर जिले के प्रभारी मंत्री हेमाराम चौधरी ने परिवेदनाएं सुनी। सर्किट हाउस में मंत्री के साथ जिला कलैक्टर, अतिरिक्त जिला कलैक्टर, बीसूका उपाध्यक्ष उम्मेदसिंह तंवर, पूर्व प्रधान मूलाराम चौधरी उपस्थित रहे। फोटो-राष्ट्रदूत


कार्यालय ग्राम पंचायत अणखिया
पंचायत समिति-आडेल, बाडमेर

क्रमांक: ग्रा.पं./निविदा/2022/15 दिनांक:12.05.2022

निविदा सूचना संख्या- 02/2022-23

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस कार्यालय के अधिनस्थ ग्राम पंचायत अणखिया के कार्य **पाईप लाईन सार्वजनिक टांका मालाणी गोदारों की ढाणी से अणदोणी नेहरों की ढाणी** हेतु मय दो वर्ष का दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरीयड) हेतु सा नि वि में उपयुक्त श्रेणी (न्युनतम "डी" श्रेणी) में पंजीकृत एवं संवेदक जो कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग डाक एवम् दूर संचार रेल्वे या अन्य राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनो जो कि राजस्थान सरकार के "डी" एवं उच्च (बी "ए" एवं "एए") श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो, से निर्धारित परिपत्र में आनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.and www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN NO - PKW2223WSOB00012

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अणखिया, पंचायत समिति आडेल

कार्यालय ग्राम पंचायत अणखिया
पंचायत समिति-आडेल, बाडमेर

क्रमांक: ग्रा.पं./निविदा/2022/16 दिनांक:12.05.2022

निविदा सूचना संख्या- 01/2022-23

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस कार्यालय के अधिनस्थ ग्राम पंचायत अणखिया के कार्य **चार दिवारी ऊचाई बढाना कार्य रा.बा.मा.वि अणखिया** हेतु मय दो वर्ष का दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरीयड) हेतु सा नि वि में उपयुक्त श्रेणी (न्युनतम "डी" श्रेणी) में पंजीकृत एवं संवेदक जो कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग डाक एवम् दूर संचार रेल्वे या अन्य राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनो जो कि राजस्थान सरकार के "डी" एवं उच्च (बी "ए" एवं "एए") श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो, से निर्धारित परिपत्र में आनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in and www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN NO - PKW2223WSOB00011

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अणखिया, पंचायत समिति आडेल


# कांग्रेस के चिंतन शिविर का मतलब गांधी परिवार से शुरू, गांधी परिवार पर ही खत्म : डॉ. पूनिया

**जयपुर**। कांग्रेस चिंतन शिविर में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा दिये बयानों पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने पलटवार कर कहा कि कांग्रेस के चिंतन शिविर में वही रटी-रटाई बातें जिनसे गांधी परिवार खुश होता है, और परिवारवाद इस कदर हावी है कि पूरी कांग्रेस गांधी परिवार के सामने नतमस्तक है, इससे आगे कांग्रेस की कोई सोच नहीं है, ना कोई विजन है, सिर्फ परिवारवाद की राजनीति के इर्द-गिर्द ही कांग्रेस सिमट गई है।

परिवारवाद, तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार इत्यादि के कारण ही कांग्रेस पूरे देश से सिमट चुकी है, केवल राजस्थान और छत्तीसगढ़ में बची है, इन दो राज्यों से भी आने वाले चुनावों में कांग्रेस मुक्त हो जायेगी। कांग्रेस के चिंतन शिवर में सोनिया गांधी कह रही है कि अल्पसंख्यकों तुष्टिकरण की राजनीति हो रही है, क्या सोनिया गांधी को यह पता नहीं है कि कांग्रेस सरकार के शासन में करौली, जोधपुर, भीलवाड़ा, भरतपुर और नोहर में हिंसा भड़की, कोटा में पीएफआई की रैली को इजाजत किसने दी, क्या सोनिया गांधी को प्रदेश में बहुसंख्यकों पर अत्याचार नहीं दिखते?

इन क्षेत्रों में हिंसा पीड़ितों से मिलने आज तक अशोक गहलोत नहीं गये, हिंसा करने वाले लोगों पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई, सरकार सिर्फ लीपापोती कर रही है, एक पक्ष के दोष को छुपाने के लिये दूसरे पक्ष के लोगों को फंसाया जा रहा है, ऐसा कांग्रेस तुष्टिकरण कर वोट बैंक के लिये कर रही है। आजादी से लेकर 50-55 वर्षों तक अल्पसंख्यकों को कांग्रेस ने सिर्फ वोट बैंक तक ही सीमित रखा, इनके विकास व संबल के लिये अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर पिछले 8 वर्षों से मोदी सरकार में कार्य हो रहे हैं। सोनिया गांधी को कांग्रेस के चिंतन शिविर से कोई संदेश देना है तो अशोक गहलोत को कहें कि किसान कर्जमाफी का वादा पूरा करें।

अशोक गहलोत को याद रखना चाहिये कि योजनाओं को लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिये केन्द्र की मोदी सरकार जमीन पर कार्य कर रही है, वहीं आपने तो किसानों व युवाओं से वादाखिलाफी की है, तो आपके पास जनता को बताने के लिये कुछ है ही नहीं, और जनता 2023 में प्रदेश से कांग्रेस को हमेशा के लिये विदा करने को अभी से तैयार बैठी है।

# ट्रेन की इमरजेंसी खिड़की से ढाई वर्षीय बच्चे की खेल-खेल में गिरने से मौत

**पिंडवाड़ा**, (निसं)। अजमेर- मैसूर ट्रेन से बेंगलुरू जाने वाले दंपति का ढ़ाई वर्षीय बालक सफर के दौरान कोच में खेलते -खेलते आपातकालीन खिडकी में से बाहर जा गिरा जिससे वह गंभीर घायल हो गया। राजकीय चिकित्सालय पहुंचते ही बच्चे ने दम तोडा दिया। मां बाप का घटना के बाद रो रो के बुरा हाल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रावता राम पुत्र पूनमा राम जाति चौधरी निवासी मांडवला सायला गोल जालौर अपनी पत्नी इमरती अपने बच्चे भरत रुचिका वह चिराग के साथ शुक्रवार सुबह अपने घर से बेंगलुरु जाने के लिए फालना रेलवे स्टेशन पर अजमेर - मैसूर के कोच में सवार हुए थे। ट्रेन फालना रेलवे स्टेशन से रवाना होते ही तीनों बच्चे कोच में खेलने लगे। उस दौरान उन बच्चों का पिता लघुशंका के लिए गया हुआ था। वही माता बच्चों के साथ बैठी हुई थी। उसकी आंख लग गई। 9.30 बजे करीब ट्रेन केशव गंज स्टेशन पार करके पिंडवाडा रेलवे स्टेशन की ओर बढ़ रही थी।

उन दोनों रेलवे स्टेशनों के बीच की कुछ ही दूरी पर उस दंपति का बच्चा चिराग अचानक आपात कालीन खिडकी से गिर गया । लोगों ने ट्रेन की खिडकी से बच्चा गिरता देख गाडी को चेन पुलिंग कर रूकवाया । गाडी रुकने पर चोट लगने से बच्चा लहूलुहान हालत में मिला । ट्रेन के लोको पायलट ने इस घटना की जानकारी रेलवे स्टेशन मास्टर को दी बाद में आरपीएफ के एसआई ओम प्रकाश चौधरी को दुर्घटना की जानकारी दी।

आरपीएफ के चौधरी किसी मदद का इंतजार किए बिना देर किए लहूलुहान हुए घायल चिराग को अपनी गोद में उठाकर अपनी बाइक पर बिठाकर राजकीय चिकित्सालय पिंडवाडा पहुंचे। जहां डॉ विनोद यादव ने घायल बच्चे का उपचार शुरू किया पर घायल बच्चे के शरीर में से अधिक खून बह जाने की वजह से स्थिति गंभीर नाजुक होने लगी और उपचार के दौरान ही चिराग ने दम तोड दिया।


कार्यालय ग्राम पंचायत अणखिया
पंचायत समिति आडेल (बाडमेर)

क्रमांक: ग्राप/निविदा/2022/17 दिनांक: 12.05.2022

निविदा सूचना संख्या- 05वर्ष 2022-23

ग्राम पंचायत के लिए महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की अन्य समस्त योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यो के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए निर्माण साम्रगी की आपूर्ती करने एवं उपकरण उपलब्ध करवाने हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमों के तहत वाणिज्यिक कर विभाग में पंजिकृत ऐसे विनिर्माता(ओं), विक्रेता(ओं), आपूर्तिकर्ता(ओं) जो किसी भी राजकीय संस्थान/उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित/ब्लैक लिस्टेड नही हो, से ई-टेन्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाऐं आमंत्रित की जाती है तथा तिथियां, समय व अन्य शर्ते एवं निविदा में सम्पादित करवायें जाने वाले कार्यो / आपूर्त की जाने वाली साम्रगी-उपकरणों की राशि एवं अन्य विस्तृत विवरण पंचायत समिति/ ग्राम पंचायत मुख्यालय में कार्यालय समय में तथा राज लोक उपापन पोर्टल (www.sppp.rajasthan.gov.in) एवं (www.eproc.rajasthan.gov.in) पर भी देखी जा सकती है।

UBN- PSA2223GLOB00010

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अणखिया, पंचायत समिति आडेल ( बाडमेर ) — सरपंच, ग्राम पंचायत अणखिया, पंचायत समिति आडेल ( बाडमेर )

## सार-समाचार

### नरसाणा प्रथम बीमायुक्त पंचायत बनी

**जालोर,** (कासं)। राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजना "मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना" के तहत जिले में सायला पंचायत समिति की नरसाणा ग्राम पंचायत में पात्र परिवारों का भामाशाह के सहयोग से शत-प्रतिशत पंजीकरण किया गया जिससे नरसाणा जिले की प्रथम बीमायुक्त पंचायत बनी। नरसाणा ग्राम पंचायत के प्रत्येक परिवार को मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ मिल सकें इसके लिए सरपंच दुर्गा कंवर पत्नी जसवंत सिंह की प्रेरणा से भामाशाह तेगराज पुत्र सोनाजी प्रजापत द्वारा राज्य सरकार द्वारा बीमाधन वहन योग्य श्रेणियाँ- एनएफएसए और सामाजिक आर्थिक जनगणना 2011 के लाभार्थियों, लघु व सीमांत कृषक, संविदाकर्मी के बीमाधन के अलावा नरसाणा ग्राम पंचायत में छूट रहे 180 परिवारों के पंजीयन के लिए 850 रूपये प्रति पविार के रूप में कुल एक लाख 53 हजार का आर्थिक सहयोग कर मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत नरसाणा ग्राम पंचायत के नरसाणा एवं मूडी ग्राम के कुल 1235 परिवारों का चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में पंजीकरण किया जा चुका है। इसके साथ ही नरसाणा ग्राम पंचायत शत-प्रतिशत पंजीकरण करने वाली जिले की प्रथम ग्राम पंचायत बन गई है। मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत नरसाणा के प्रथम बीमा युक्त ग्राम पंचायत बनने पर जिला कलैक्टर निशांत जैन व जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार वासु ने नरसाणा ग्राम पहुंचकर भामाशाह तेगराज, सरपंच दुर्गा कंवर व विकास अधिकारी लक्ष्मणसिंह सांदू के प्रयासों की सराहना की। इस दौरान जिला कलैक्टर निशांत जैन ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा मुख्यमंत्री चिंरजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत स्वास्थ्य बीमा का उपहार दिया गया है। जिससे आमजन को योजना से जुड़े राजस्थान-सरकार

### एक मुश्त समझौता योजना की अवधि बढ़ाई

**जालोर,** (कासं)। सहकारिता विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर के आदेशानुसार जिले की जालोर केन्द्रीय सहकारी बैंक में कृषि अकृषि व्यक्तिगत अवधिपार एवं हक्क (गैर निष्पादित आस्तियां) में वर्गीकृत ऋणी सदस्यों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से कृषि अकृषि एक मुश्त समझौता योजना की घोषणा की जाकर योजना की अवधि 30 जून तक बढाई गई है। प्रबंध निदेशक के.के. मीणा ने बताया कि जिनमें ऐसे ऋणी सदस्यों जिनके विरुद्ध बकाया ऋण राशि अवधिपार एवं 31 मार्च 2021 को हक्क (सदिग्ध एवं अशोध्य श्रेणी में वर्गीकृत हो चुकी है, वो ऋणी कृषक सदस्य ऋण चुकाये जाने की कुल राशि का 25 प्रतिशत जमा करवाकर लागू की गई योजना का लाभ ऋण राशि चुकाये जाने की दिनांक तक ऋण स्वीकृति पत्र में अंकित ब्याज दर अथवा 8 प्रतिशत ब्याज दर (जो कम है) साधारण दर से ब्याज वसूल किया जावेगा। बढाई गई अवधि के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाते हुये बैंक के प्रबन्ध निदेशक के. के. मीणा बताया कि कृषि अकृषि एक मुश्त समझौता योजना का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक पात्रताधारक ऋणी कृषक सदस्य क्षेत्र की जालोर केन्द्रीय सहकारी बैंक की नजदीकी शाखा के शाखा प्रबन्धक क्षेत्रीय अधिकारी से सम्पर्क कर लागू योजना अन्तर्गत कृषक सदस्य के विरुद्ध वसूली योग्य चूकता राशि 25 प्रतिशत जमा करवाया जाकर कृषि अकृषि एक मुश्त समझौता योजना में राहत राशि का लाभ प्राप्त किया जावें।

### चोरी का एक आरोपी गिरफ्तार

**जालोर,** (कासं)। अभय कमाण्ड सेन्टर जालोर से सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर के विरूद्ध कार्यवाही कर चोरी गई लोहे की 30 प्लेटे बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। घटना में प्रयुक्त वाहन टेम्पों जब्त किया। जिले में चोरी की बढ़ती वारदातें पर अंकुश लगाये जाने के लिए चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के तहत कोतवाल अरविन्द कुमार मय रेवन्तसिंह उपनिरीक्षक के नेतृत्व में गठित टीम अमरसिंह सउनि मय जाब्ता ने 13 मई रात्री मे चोरो द्वारा थर्ड फेस जालोर मे निमार्णाधिन दुकान मे से आरसीसी के उपयोग में इस्तेमाल की जाने वाली लोहे की प्लेटो को चोरी करने के सम्बध में थाना हाजा पर दर्ज प्रकरण में मुलजिम को 24 घण्टे के अन्दर अभय कमाण्ड सेन्टर जालोर से सीसीटीवी फुटेज आधार पर घटना का पर्दाफास करते हुए चोर गजेन्द्र कुमार उर्फ सुरेश कुमार पुत्र श्री मुपाराम जाति भील उम्र 23 साल पैशा टैम्पो चालक निवासी तासखाना बावडी जालोर पुलिस थाना कोतवाली जालोर को गिरफ्तार कर प्रकरण मे चोरी हुई लोहे की प्लेटे कुल 30 नग एंव घटना मे प्रयुक्त टेम्पो को बरामद किया गया, गिरफ्तार मुलजिम को न्यायालय में पेश किया जावेगा, प्रकरण में अन्य शरीक मुलजिमान की तलाश जारी है।

### 'बिना पट्टे वाले भी मकान बना सकेंगे'

**जालोर,** (कासं)। स्वायत्त शासन विभाग, राज. जयपुर की ओर से 9 मई 2022 को आदेश जारी कर प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत राज्य में लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (नवीन/अभिवृद्धि), (बीएलसी) घटक के पात्र लाभार्थी जो नियमन योग्य भूमि पर निवासरत हैं (किन्तु गुलाब कोठारी प्रकरण के निर्णय में प्रतिबन्धित श्रेणी में नहीं आते हैं और भूमि स्वामित्व का दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं) ऐसे लाभार्थी के नाम कट ऑफ डेट 31 दिसम्ब2021 से पूर्व के पानी, बिजली का बिल अथवा अन्य वैध सरकारी दस्तावेज के आधार पर समानान्तर रूप से केन्द्रीय सहायता राशि के लिए स्वीकृत किया जा सकता है। नगरपरिषद जालोर के आयुक्त महिपालसिंह ने बताया कि शहर में जिन लोगों के मकान कच्चे या 21 वर्गमीटर से कम निर्मित हैं साथ ही जिनकी वार्षिक आय 3 लाख रूपये से कम हैं। ऐसे लाभार्थीयों के लिए अपने मकान का निर्माण/उन्नयन के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत पक्का मकान बनाने का एक सुनहरा अवसर है। जिसके लिए केन्द्रीय सहायता के रूप में एक लाख पचास हजार रूपये तक का अनुदान दिया जावेगा। उक्त योजना में आवेदन पीएम आवास योजना (शहरी) के वेब पोर्टल व ईमित्र पर ऑनलाईन के साथ ही नगरपरिषद, जालोर में ऑफलाईन जमा करवाया जा सकता है।

### पाटोत्सव आयोजित

**स्वरूपगंज,** (निसं)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रावल ब्राह्मण छात्रावास संस्थान सिरोही में शुक्रवार को सरस्वती माता ज्ञान मंदिर का पाटोत्सव व ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। सर्व प्रथम छात्रावास अध्यक्ष राजेश भाई रावल अमर ध्वजा लाभार्थी हंसाराम रावल परिवार ने मंदिर की ध्वजा लगाई और माँ की आरती के साथ पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम के दौरान रावल स्वाभिमान राष्ट्रीय संयोजक सुरेश मांडवा, छात्रावास सचिव मुकेश रावल, गायत्री आश्रम अध्यक्ष लाल राम रावल, सरस्वती सेवा संस्थान ओर अध्यक्ष राकेश रावल, चामुंडा माता ट्रस्ट से जगदीश आदर्श, रावल स्वाभिमान मंच सचिव राहुल सिरोही, वाराही माता मांडवा अध्यक्ष राज रावल, रावल स्वाभिमान मंच प्रवक्ता अनिल रावल, विनोद गोयली, जगदीश रामपुरा, हरीकिशन रावल, राजु रावल गोयली, रतन राज आदर्श, दिनेश अरठवाडा व समस्त छात्रावास छात्र व समाज बंधुओं की उपस्थिति रहे।

### सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण

**जसवंतपुरा,** (निसं)। जसवंतपुरा उपखण्ड अधिकारी राजेन्द्रसिंह चांदावत ने उपखण्ड क्षेत्र के सरकारी कार्यालयों एवं सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र,प्राथमिक स्वास्थय केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं व कोविड वेक्सीनेशन के सम्बंध में समीक्षा हेतु उपखण्ड अधिकारी जसवंतपुरा राजेन्द्रसिंह चांदावत ने उपखण्ड क्षेत्र के सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थय केन्द्रों व सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें तवाव प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र पर काफी अव्यवस्था पाई गई, कुल 6 अधिकारी, कार्मिकों में से केवल एक कार्मिक अस्पताल में उपस्थित मिला व अस्पताल का शेष स्टाफ बिना किसी अवकाश स्वीकृति के अनुपस्थित पाए गए।जिनके खिलाफ कार्यवाही हेतु ब्लाक मुख्य स्वास्थय अधिकारी को निर्देशित किया गया।

### गर्मी से लगी आग

**स्वरुपगंज,** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम काशिन्द्रा में शुक्रवार को भीषण गर्मी की वजह से अचानक सार्वजनिक मार्ग में आग लग गई। ग्रामीणों ने आग की सूचना ग्राम पंचायत में दी। आग की सूचना पर मौके पहुँचे सरपंच बालकी देवी गरासिया और ग्राम विकास अधिकारी भरत कुमार प्रजापत ने जेके लक्ष्मी सिमेन्ट कम्पनी व आबूरोड़ नगरपालिका से दमकल गाड़ी बुला कर आग पर काबू पाया।आग से कोई जन हानि नहीं हुई, सार्वजनिक रास्ता को काफी नुकसान हुआ।ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग पर काबू पाने में कामयाब हुए, इस मौके ग्रामीण व वार्ड पंच जगदीश का सहयोग काफी सराहनीय रहा।

# राज्य में 40 प्रतिशत से अधिक बजट घोषणाओं की क्रियान्विति : चौधरी

**जालोर,** (कासं)। राजस्थान विधानसभा के उप मुख्य सचेतक महेन्द्र चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार फ्लैगशिप योजनाओं व बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के लिए संवेदनशील है तथा सरकार की मंशा हैं कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचे इसके लिए अधिकारी पूर्ण मनोयोग व संवेदनशीलता के साथ कार्य कर आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित करें। राजस्थान विधानसभा के उप मुख्य सचेतक महेन्द्र चौधरी की अध्यक्षता एवं जिले के प्रभारी सचिव आशुतोष ए टी पेडणेकर की उपस्थिति में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।



जालोर के कलैक्ट्रेट सभागार में विधानसभा के उप मुख्य सचेतक महेन्द्र चौधरी ने जिला अधिकारियों की बैठक ली। फोटो-राष्ट्रदूत

उप मुख्य सचेतक महेन्द्र चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रथम बार राज्य के मुख्य बजट के अलावा कृषि बजट अलग से प्रस्तुत किया गया है जिसकी क्रियान्विति अतिआवश्यक है। उन्होंने कहा कि राज्य में 40 प्रतिशत से अधिक बजट घोषणाओं की क्रियान्विति हो चुकी है। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत गरीब तबके के प्रति चिंतित व संवेदनशील है जिनको ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा कई योजनाएँ संचालित कर उन्हें लाभांवित किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में चिकित्सा के क्षेत्र में योजनाओं की क्रियान्विति में मुख्यमंत्री का कार्य सराहनीय रहा है।

उन्होंने राजस्थान कृषि प्रसंस्करण, कृषि व्यवसाय एवं कृषि प्रोत्साहन योजना के तहत एग्रो इण्डस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए अनुदान से पात्र लोगों को लाभांवित किये जाने तथा जिले में अनार के लिए प्रोसेसिंग यूनिट के लिए कृषकों को प्रेरित करने की बात कही। उप मुख्य सचेतक ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत भामाशाह के सहयोग से नरसाणा ग्राम पंचायत के प्रथम बीमायुक्त ग्राम पंचायत बनने पर ग्रामीणों, भामाशाह व अधिकारियों-कार्मिकों की सराहना की। इस दौरान जिला कलैक्टर निशांत जैन ने बताया कि जिले के प्रत्येक ब्लॉक में 2-2 गांव को शत-प्रतिशत बीमायुक्त करने की पहल की जा रही है। उप मुख्य सचेतक ने मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के तहत दवाईयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही प्रतिदिन ओपीडी पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिले में संचालित 5 इन्दिरा रसोई केन्द्रों पर समय-समय पर भोजन की गुणवत्ता की जांच के साथ ही लक्ष्यानुरूप अधिक से अधिक लोगों को लाभांवित करने के निर्देश दिये।उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल की उपलब्धता के लिए अभावग्रस्त क्षेत्रों में टैंकरों से परिवहन द्वारा जलापूर्ति की जावें।

प्रभारी सचिव आशुतोष ए टी पेडणेकर ने कहा कि जिले में फ्लैगशिप योजनाओं के साथ-साथ मुख्यमंत्री बजट घोषणा की क्रियान्विति तय समय सीमा में किया जाना सुनिश्चित करें ताकि आमजन को इसका लाभ मिल सकें। जिला कलैक्टर निशांत जैन ने बताया कि बजट घोषणाओं के अनुसरण में विभिन्न घोषणाओं के लिए भूमि का आवंटन किया गया है। वही उन्होंने विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की क्रियान्विति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर जिला प्रमुख राजेश कुमार, पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला, अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार वासु सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

वहीं लेकिन जालोर जिले के लिए हुई घोषणाओं के पूरे होने की ज्यादा चर्चा नहीं होते देखी।

### हजरत गैबनशाह गाजी का सालान उर्स 16 को

**जालोर,** (कासं)। जालोर शहर स्थित शहीद हजरत गैबनशाह गाजी रहमतुल्ला अल्लेह का सालाना उर्स 16 से 18 मई तक शानो शौकत के साथ मनाया जायेंगा। उर्स को लेकर कमेटी कि ओर से तैयारियां को अंतिम रुप दिया जा रहा है।

दरगाह कमेटी के खादिम अकरम बाबा उर्फ चाहत अली ने बताया कि 16 मई को बाद नमाज ईशा मिलाद का कार्यक्रम होंगा। जिसमें मेहमान ए खुशुसी व मुकरीर पीर सैयद मोहम्मद अली कादरी व पीर सैयद हसन अली हुसैनी की सदारत में आयोजित किया जाएगा। वही कार्यक्रम में मौलाना समीर अकबरी मौलाना, जलालुद्दीन ,मौलाना लतीफ , शहर के तमाम आलीमा तशरीफ लाएंगे। चादर जुलुस 16 मई को वन वे रोड से शकूर खान लोहार के घर से जुलूस रवाना होगा। जो शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरता हुआ। गांधी चौक, सदर बाजार होते हुए दरगाह शरीफ पर पहुंचेगा व झंडे की रस्म के साथ उर्स का आगाज होंगा।

17 मई को हिंदुस्तान के मशहूर अंतरराष्टीय कव्वाल आरिफ नाजा मुंबई व कव्वाल इरफान तुफेल जोधपुर जोधपुर, प्रिया प्रीति अपने प्रस्तुति देंगे वह 18 मई को सुबह कुल की रस्म अदा की जाएगी।

# श्रीमाली ब्राह्मण समाज के आरोग्य भवन का शुभारम्भ



जोधपुर में श्रीमाली ब्राह्मण समाज शिक्षा एवं चिकित्सा संस्था पुष्कर की ओर से एम्स अस्पताल के सामने गली नम्बर 11 में 2.25 करोड़ की लागत से निर्मित आरोग्य भवन का शुभारम्भ किया गया।

**जोधपुर,** (कासं)। श्रीमाली ब्राह्मण समाज शिक्षा एवं चिकित्सा संस्था, पुष्कर की ओर से एम्स अस्पताल के सामने गली नम्बर 11 में 2.25 करोड की लागत से निर्मित आरोग्य भवन का शुभारम्भ शुक्रवार दोपहर 12.15 बजे म.ज. गु. दण्डीस्वामी जोगेन्द्राश्रम पीठाधीश्वर मनकामेश्वर महादेव गुणेश्वर ट्रस्ट, स्वामी हितेश्वरानन्द सरस्वती श्रीमानव कल्याण आश्रम हरिद्वार एवं बद्रीनाथ के सानिध्य में चिरंजीलाल दवे (पूर्व अध्यक्ष अखिल भारतवर्षीय श्रीमाली ब्राह्मण समाज संस्था, पुष्कर) विशिष्ठ अतिथि सी.पी. श्रीमाली (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सुरेन्द्र एम. जोशी, प्रमोद दवे ने किया।

डीटीओ राजेन्द्र दवे ने बताया कि पूरे भारतवर्ष के श्रीमाली ब्राह्मण बंधुओं के सहयोग से आरोग्य भवन का निर्माण किया गया है।

चार मंजिला भवन में 22 एसी कमरे है। एम्स में जोधपुर संभाग सहित प्रदेश व अन्य राज्यों से अपने परिजनों का ईलाज कराने के लिए आने वाले समाज के लोगों के लिए भोजनशाला, डोरमेट्री व लिफ्ट की भी व्यवस्था भवन में की गई है।

संस्था अध्यक्ष भीकालाल बोहरा ने बताया कि अभिजीत मुहुर्त में आचार्य पंडित सत्यनारायण दवे राजवेदिया के साथ शास्त्री पंडित प्रदीप श्रीमाली, पंडित अनिल बोहरा, पंडित अश्वनी ओझा, पंडित विशालराज दवे के सानिध्य में रेणु दवे पत्नी राजेन्द्र दवे (डीटीओ), अरूणा पत्नी संजय दवे, गरिमा पत्नी निखिल दवे के साथ समाज बंधुओं ने हवन में आहुति देकर पूर्णारती की। मूर्ति के लाभार्थी श्रीमती उर्मिला पत्नी किशोर बोहरा बने। संस्था के ओमप्रकाश व्यास एवं श्रीमाली ब्राह्मण समाज जोधपुर अध्यक्ष महेन्द्र बोहरा ने बताया कि इस अवसर पर घनश्याम जोशी कालन्द्री, सत्यनारायण श्रीमाली मुम्बई, भूपेन्द्र श्रीमाली, श्रीनिवास श्रीमाली चेन्नई, सत्यनारायण बोहरा, दुष्यंत जोशी, कांतिलाल ओझा, उदयन भाई, एडवोकेट अमित दवे, एडवोकेट प्रवीण दयाल दवे, कैलाश श्रीमाली, ई. अश्विनी व्यास, विक्रान्त दवे, घनश्याम द्विवेदी, नरेश व्यास के साथ देश भर से समाज बंधु उपस्थित हुए।

### प्रशासन शहरों के संग अभियान, सात माह में मात्र 54 पट्टे ही जारी

**पोकरण,** (निसं)। पोकरण, राजस्थान सरकार की महत्वकांक्षी योजना प्रशासन शहरों के संग शिविर का आगाज सरकार द्वारा 2 अक्टूबर से शुरू किया गया था। वहीं आम जनता एवं कच्ची बस्ती में निवास करने वाले लोगों को एक नई आशा की किरण के साथ ही अपना आशियाना बचाने की सरकार की मनसा को ध्यान में रखकर एक नई किरण के साथ में शहर में निवास करने वाले एवं कच्ची बस्तियों मैं भूखंड पर बनाए हुए मकानों के पट्टे मिलने की उम्मीद जगी थी लगभग 7 माह बाद भी मात्र 54 पट्टे वितरित किए गए हैं।

पालिका प्रशासन द्वारा शहर के 25 वार्डों में प्रशासन शहरों के संग 32 शिविरों का आयोजन विभिन्न वार्डों व 2 मेगा शिविर का आयोजन पर पालिका को लगभग सात लाख रुपए अब तक खर्च किए जा चुके हैं। जिसमें टेंट ,कुर्सी,माइक, प्रचार, सामग्री, सहित अन्य खर्चों पालिका द्वारा वहन किए जा चुके हैं हाल में पालिका द्वारा शिवपुरा कच्ची बस्ती क्षेत्र में उजरदारी नोटिस एक राष्ट्रीय समाचार पत्र में प्रकाशित किया गया था। वही कच्ची बस्ती क्षेत्र में 33 केवी विद्युत लाईन के नीचे आए हुए भूखंड पर विद्युत विभाग द्वारा आपत्ति दर्ज का पत्र पालिका प्रशासन को पत्र सौंपा गया है। वही शिवपुरा कच्ची बस्ती नोटिफाई क्षेत्र घोषित नहीं होने एवं दो तालाबों के आगोर की जमीन पर कब्जा धारी भुखण्डो केपट्टे सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार जारी नहीं किए जा सकते। नगरपालिका की तरफ से मात्र 54पट्टो का ही अभी तक वितरण किया गया क्षैत्रिय विधायक एवं केबिनेट मंत्री शालेह मोहम्मद ने पालिका में आयोजित शिविर में अधिकारियों को लताड़ा भी था।

# न्यायालयों, उपभोक्ता मंच में राष्ट्रीय लोक अदालत आज

**जालोर,** (कासं)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार 14 मई को जिले के विभिन्न न्यायालयों, राजस्व न्यायालयों एवं उपभोक्ता मंच में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार मीणा ने बताया कि न्यायालयों में लंबित, प्रि लिटिगेशन, राजस्व न्यायालयों के लंबित एवं प्रि लिटिगेशन, विभिन्न नगर परिषद, पालिकाओं के प्रि लिटिगेशन के प्रकरणों की सुनवाई के लिए 13 बैंचों का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय पर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सिया रघुनाथदान की अध्यक्षता में जिला न्यायालय, एमएसीटी, पारिवारिक न्यायालय, एडीजे कोर्ट जालोर, स्थायी लोक अदालत के प्रकरणों हेतु बैंच का गठन किया गया है, इसी प्रकार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महेश कुमार की अध्यक्षता में सीजेएम कोर्ट, एसीजेएम संख्या प्रथम कोर्ट, जेएम कोर्ट एवं जेजेबी के प्रकरणों की सुनवाई के लिए बैंच बनाई गई हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विरेन्द्र कुमार मीणा की अध्यक्षता में विभिन्न बैंकों व अन्य वसूली से संबंधित प्रि लिटिगेशन के प्रकरणों के लिए बैंच का गठन किया गया है। इसी प्रकार एसीजेएम संख्या द्वितीय जालोर के प्रकरणों के लिए एसीजेएम डॉ सरोज सीवंर की अध्यक्षता में बैंच बनाई गई है। उपभोक्ता मंच के लिए राजकुमार यादव की अध्यक्षता में बैंच गठित की गई है। एडीएम जालोर, उपखंड जालोर, आहोर व सायला के लंबित एवं प्रि लिटिगेशन के राजस्व मामलों की सुनवाई के लिए सेवानिवृत न्यायिक अधिकारी सोहनराम मेघवंशी व एडीएम राजेन्द्रप्रसाद अग्रवाल की बैंच बनाई गई है। तालुका मुख्यालय भीनमाल में एडीजे कोर्ट भीनमाल, प्रि लिटिगेशन के प्रकरणों के लिए ललित पुरोहित एडीजे की अध्यक्षता में, एसीजेएम एवं जेएम कोर्ट भीनमाल के प्रकरणों के लिए बृजपालदान चारण की अध्यक्षता में बैंच बनाई गई है। इसी प्रकार उपखंड भीनमाल, बागोडा, जसवंतपुरा के राजस्व न्यायालयों एवं नगरपालिका के लंबित एवं प्रि लिटिगेशन के राजस्व मामलों के लिए साधनासिंह व उपखंड अधिकारी जवाहरराम की बैंच द्वारा सुनवाई की जाएगी। सांचौर में एसीजेएम हरीश कुमार की अध्यक्षता में एवं जेएम कोर्ट, ग्राम न्यायालय एवं प्रि लिटिगेशन के प्रकरणों के लिए जेएम सिद्धार्थ भारद्वाज की अध्यक्षता में बैंच बनाई गई है। इसी प्रकार उपखंड क्षेत्र सांचौर, चितलवाना के राजस्व न्यायालयों, नगर पालिकाओं के लंबित एवं प्रि लिटिगेशन के राजस्व प्रकरणों के लिए न्यायाधीकारी योगेश कुमार व उपखंड अधिकारी सांचौर शैलेन्द्र सिंह की बैंच बनाई गई है। रानीवाडा में लंबित, राजस्व एवं प्रि लिटिगेशन के समस्त मामलों की सुनवाई के लिए न्यायिक मजिस्ट्रेट पंकज सांखला एवं उपखंड अधिकारी प्रकाशचंद्र अग्रवाल की बैंच बनाई गई है।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर ने सभी पक्षकारान से आवहान किया है कि वे संबंधित न्यायालयों में पहुंचकर जरिये राजीनामा प्रकरणों का निस्तारण करवाए और लोक अदालत का फायदा उठाएं।

### योग के महत्व पर फालना में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया

**फालना,** (निसं)। सूचना एवं प्रसारण मन्त्रालय, भारत सरकार के क्षेत्रीय लोक सम्पर्क ब्यूरो सिरोही की ओर से 8 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के सौ दिवसीय काउंट डाउन के 39 वे दिन के अवसर पर आर.सी. मेमोरियल नर्सिंग महाविद्यालय जादरी रोड फालना में सामान्य योग अभ्यासक्रम (प्रोटोकॉल) एवं योग के महत्व पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

नगर पालिका अध्यक्षा ललिता शाह, सांसद प्रतिनिधि रमेश शाह, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ विजेंद्र कुमार शर्मा, से.नि. जिला शिक्षा अधिकारी एवं योग प्रशिक्षक गणपत सिंह देवडा, वरिष्ठ योग प्रशिक्षक भीक सिंह भाटी, समाजसेवी एवं सी.एल.जी सदस्य अमित मेहता, महाविद्यालय निदेशक सौरव गुर्जर,प्राचार्य सत्तार मोहम्मद के आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्षा ललिता शाह ने बताया कि योग रोग से निरोग होने का मार्ग है। हम सभी को स्वस्थ एवं फिट रहने के लिए प्रतिदिन योग करना चाहिए। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि योगाभ्यास तनाव से मुक्ति पाने और मन को प्रसन्न व शांत रखने में अत्यंत मददगार है। योग हमें नकारात्मक विचारों एवं मन की अशांति से दूर रखता है। वरिष्ठ योग प्रशिक्षक गणपत सिंह देवडा एवं भीक सिंह भाटी ने खडे होकर, बैठकर, उदर के बल लेटकर प्राणायाम, कपालभाती, ध्यान इत्यादि प्रोटोकॉल के बारे में जानकारी दी। प्रारम्भ में क्षेत्रीय लोक सम्पर्क ब्यूरो,सिरोही के प्रभारी अधिकारी फूलचंद गहलोत ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि 8 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के सौ दिवसीय काउंट डाउन का आज 39 वां दिन है,जिसके तहत सूचना एवं प्रसारण मन्त्रालय के क्षेत्रीय लोक सम्पर्क ब्यूरो द्वारा सामान्य योग अभ्यासक्रम (प्रोटोकॉल) एवं योग के महत्व पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। गहलोत ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के तहत आयुष मन्त्रालय द्वारा 13 मार्च से सौ॰ दिवस काउंट डाउन सामान्य योग अभ्यासक्रम के योग महोत्सव अभियान की शुरूआत की है। ताकि हम 21 जून को आने वाले अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जीवन में योग अपनानें के लाभ के बारे में जानकारी दें सकें। इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ योग अभ्यास म प्रतियोगिता, भाषण तथा प्रश्नोत्तरी व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं विजेताओ को विभाग की और से पुरूस्कार देकर सम्मानित किया।

पंजीकृत दल लीला देवी तेरहताली पार्टी, पादरला ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से योग के महत्व का संदेश दिया। प्राचार्य सत्तार मोहम्मद ने महाविद्यालय परिसर में कार्यक्रम आयोजन के लिए आयोजक एवं अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सरकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचे : सुखराम विश्नोई

**बाड़मेर,** (निसं)। बाड़मेर जिले के प्रभारी एवं श्रम मंत्री सुखराम विश्नोई ने शुक्रवार को राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की विस्तृत समीक्षा कर इनका लाभ आमजन तक पहुचाने को कहा। इस दौरान राजस्थान गो सेवा आयोग के अध्यक्ष मेवाराम जैन भी मौजूद रहे।

इस मौके पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए कृत संकल्प है। सरकार विभिन्न योजनाओं को फ्लैगशिप का दर्जा देकर इन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ ियान्वयन करती है ताकि गांव एवं गरीब तक योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके। उन्होंने सभी विभागों को उनसे संबंधित फ्लैगशिप योजनाओं की माइक्रो मोनिटरिंग करते हुए इनके बेहतर परिणाम देने को कहा। उन्होंने प्रत्येक योजना की विस्तृत समीक्षा की एवं सम्बंधित विभाग को अधिकाधिक पात्र व्यक्तियों तक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए है। मंत्री सुखराम विश्नोई ने शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत मिलावटी खाद्य सामग्री रोकने के लिए सैम्पल अधिक लेने को कहा। विशेषकर दूध, घी एवं मिलावटी मावे के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही अंजाम देने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना में रजिस्टेऊशन की प्रगति, निःशुल्क दवा एवं जॉच योजना की प्रगति, निरोगी राजस्थान, महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल, पेंशन एवं पालनहार योजन, जन सूचना पोर्टल, मुख्यमंत्री लघु प्रोत्साहन योजना की प्रगति की समीक्षा की तथा अधिकाधिक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।




बाड़मेर में जिला प्रभारी मंत्री सुखराम विश्नोई ने अधिकारियों की बैठक ली। फोटो-राष्ट्रदूत

प्रभारी मंत्री ने काली बाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना, देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना की समीक्षा की तथा योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होने जन आधार नामांकन से शेष लोगों के अधिकाधिक नामांकन करवाकर अद्यतन सूचना भिजवाने के निर्देश दिए। इस मौके पर गो सेवा आयोग के अध्यक्ष मेवाराम जैन ने कहा कि पानी, बिजली एवं चिकित्सा जैसी बुनियादी सेवाओं के जिलाधिकारियों को इस समय ज्यादा से ज्यादा फील्ड विजिट करना चाहिए ताकि गर्मी में लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने मुख्यमंत्री निरोगी राजस्थान योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। जैन ने कहा कि सरकारी अस्पताल में आने वाले हर व्यक्ति का निःशुल्क उपचार होना चाहिए। उन्होने कहा कि अस्पतालों में पर्याप्त दवाईयों का भण्डार हो तथा निःशुल्क जांचों से संबंधित सभी मशीने हमेशा चालू रहें। साथ ही चिकित्सक भी अस्पताल में उपलब्ध दवाइयां ही लिखें। इसी तरह बीसूका उपाध्यक्ष फतेह खान ने अभावग्रस्त क्षेत्रों में स्वीकृत चारा शिविरों को चालू करने को कहा।

इससे पूर्व जिला कलैक्टर लोक बंधु ने फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना में रजिस्ट्रेशन की प्रगति, निःशुल्क दवा एवं जॉच योजना की प्रगति, सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स के भौतिक सत्यापन की प्रगति, आदान अनुदान में किसानों के डाटा ऑनलाईन करने, सिलिकोसिक के प्रकरणों एवं मुख्यमंत्री दुर्घटना सहायता के प्रकरणों के निस्तारण की प्रगति, लोक सेवा गारन्टी के प्रकरणों की प्रगति की जानकारी दी। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक भार्गव, उपवन सरंक्षक संजय भादू, मुख्य कार्यकारी अधिकारी ओम प्रकाश विश्नोई, अतिरिक्त जिला कलैक्टर उम्मेद सिंह रतनू समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।



रणथम्भौर में शुक्रवार को बाघिन टी-61 की मौत हो गई, वन विभाग के कर्मचारियों को जंगल के ज़ोन नम्बर-7 से बाघिन का शव मिला। रणथम्भौर अभयारण्य के अधिकारियों का कहना है कि इसकी मौत संभवतः किसी ऊंची चट्टान से गिर जाने से हुई है। बाघिन टी-61 को जन्म के बाद पहली बार वर्ष 2011 में देखा गया था।

# 350 कश्मीरी पंडितों ने सरकारी सेवा से सामूहिक इस्तीफा दिया

**जैसा कि विदित है कि, आतंकियों ने ऑफिस में घुसकर राजस्व विभाग में क्लर्क राहुल भट की हत्या कर दी थी , कश्मीरी पंडित इस घटना के विरोध में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं**

श्रीनगर 13 मई (वार्ता)। कश्मीरी पंडित राहुल भट्ट की हत्या की हत्या के विरोध में, बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडित विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। भट की हत्या के विरोध में 350 कश्मीरी पंडित कर्मचारियों ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा को अपना इस्तीफा भेज दिया है।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा को भेजे गए इस्तीफे में इन कर्मचारियों ने कहा है कि वे राहुल भट की हत्या के बाद खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और उनके पास सामूहिक इस्तीफा देने के अलावा कोई चारा नहीं है। ये सभी कश्मीरी पंडित प्रधानमंत्री पैकेज के कर्मचारी हैं। राहुल भट की हत्या से गुस्साए कश्मीरी पंडितों का कहना है कि उनको निशाना बनाकर लगातार उन पर हमले हो रहे हैं और सरकार उन्हें सुरक्षा देने में नाकाम रही है।

शुक्रवार को कश्मीरी पंडितों की हत्या के विरोध में सड़कों पर उतरे कश्मीरी पंडितों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। जैसा कि विदित है कि, बडगाम जिले के चदूरा में राजस्व विभाग के एक अधिकारी एवं कश्मीरी पंडित राहुल भट की गुरुवार को उनके कार्यालय में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनकी मौत को लेकर विभिन्न स्थानों पर विरोध हुआ और व्यापक निंदा हुई।

प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि, पुलिस ने बडगाम जिले से श्रीनगर एयरपोर्ट रोड की ओर मार्च करने की कोशिश कर रहे कश्मीरी पंडितों के एक समूह को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। प्रदर्शनकारियों ने कश्मीर में अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों के जीवन की रक्षा करने में कथित विफलता के लिए प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की।

इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए थे। जम्मू में शुक्रवार को भट का अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर भारी भीड़ मौजूद थी। इस बीच उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सरकारी क्वार्टरों में रहने वाले कश्मीरी पंडितों ने भी हत्या के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

महिलाओं सहित प्रदर्शनकारी कुपवाड़ा-श्रीनगर हाईवे पर जमा हो गए और भट के हत्यारों के खिलाफ नारेबाजी की। एक प्रदर्शनकारी ने पूछा, हम जानना चाहते हैं कि हमें क्यों निशाना बनाया जा रहा है और हमारी क्या गलती है।

भट की हत्या पिछले आठ महीनों में कश्मीर में प्रवासी कामगारों और स्थानीय अल्पसंख्यकों पर हुए हमलों की श्रृंखला में सबसे ताजी घटना है। इस साल घाटी में अल्पसंख्यक समुदाय के किसी सदस्य पर यह तीसरा हमला है। इससे पहले गत 13 अप्रैल को कुलगाम में एक राजपूत सतीश कुमार सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

गत चार अप्रैल को शोपियां जिले में आतंकवादी हमले में एक कश्मीरी पंडित बाल कृष्ण घायल हो गए थे। इस बीच, जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने ट्वीट किया, कश्मीर के लोगों के लिए यह कोई नई बात नहीं है।

अगर उप-राज्यपाल की सरकार कश्मीरी पंडितों की रक्षा नहीं कर सकती है, तो लोगों को विरोध करने का अधिकार है।

पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा, पर्यटन की सामान्य स्थिति नहीं है, यह आर्थिक गतिविधि का बैरोमीटर है। कश्मीर आज सामान्य स्थिति से बहुत दूर है।

## सुब्रतो रॉय की गिरफ्तारी पर स्टे

नई दिल्ली,13 मई (वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने "सहारा इंडिया" प्रमुख सुब्रत रॉय को पटना उच्च न्यायालय में पेश करने के लिए पुलिस को जारी आदेश पर शुक्रवार को रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुब्रत रॉय के खिलाफ इस मामले में आगे की कार्यवाही पर भी रोक लगाने का आदेश पारित किया।

- **पटना हाई कोर्ट ने शुक्रवार को ही सहारा प्रमुख सुब्रतो रॉय को गिरफ्तार कर पेशी का आदेश दिया था, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी।**

उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली सुब्रत राय की याचिका पर सुनवाई के बाद पीठ ने कहा, इस स्तर पर हम पटना उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाते हैं।

सहारा इंडिया द्वारा कथित धोखाधड़ी से संबंधित 2,000 से अधिक मामलों की सुनवाई के बाद पटना उच्च न्यायालय ने आज ही यह आदेश पारित किया था। सहारा इंडिया पर हजारों निवेशकों के पैसे वापस नहीं करने के आरोप हैं। उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेशों के बावजूद सुब्रत राय अदालत में उपस्थित नहीं हुए थे।

## रणथंभौर में बाघिन टी-61 का शव मिला

सवाई माधोपुर, 13 मई (निस)। रणथंभौर में शुक्रवार को बाघिन टी 61 की मौत हो गई।

रणथंभौर के जोन नम्बर 7 के जामोदा वन क्षेत्र में बाघिन का शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया।

बाघिन की मौत की सूचना पर वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में कर राजबाग नाका वन चौकी पहुंचाया, जहां वन एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में रणथंभौर के पशु चिकित्सकों ने उसके शव का पोस्टमार्टम किया। इसके बाद उसका अंतिम संस्कार किया गया। वनाधिकारियों के अनुसार बाघिन टी 61 की मौत प्रथम दृष्टया किसी ऊंची चट्टान से गिरने की वजह से हुई है,

- **बाघिन टी-61 की मौत प्रथम दृष्टया किसी ऊंची चट्टान से गिरने की वजह से हुई।**

हालांकि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पायेगा ।

जानकारी के अनुसार बाघिन टी-61 को जन्म के बाद पहली बार 2011 में देखा गया था। ये बाघिन टी-8 (लाडली) व बाघ टी-34 (कुम्भा) की बेटी है। इसकी टेरेटरी जोन 7 व 8 में ही रही है। बाघिन लगभग 12 साल की है। हाल ही में वह बाघ-58 के साथ थी।

## तीर्थयात्रियों की बस में आग लगी

जम्मू, 13 मई (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित कटरा से माता वैष्णो देवी के मंदिर में तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस में आग लगने से कम से कम चार यात्रियों के मारे जाने की आशंका है जबकि 20 से अधिक घायल हो गए।

पुलिस ने कहा कि तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस कटरा से जम्मू की ओर जा रही थी, तभी नोमेन से कुछ

- **इस दुर्घटना में 4 लोग ज़िंदा जले व 20 अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गये।**

किलोमीटर दूर उसमें आग लग गई।

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने ट्वीट कर कहा,कटरा में बस दुर्घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद अभी जम्मू-कश्मीर के रिआसी की डिप्टी कमिश्नर बबीला रकवाल से बात की। हताहतों के बारे में जानकारी ली गई और घायलों को नारायणा अस्पताल में भर्ती कराया।

## यू.ए.ई. के...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अबू धाबी के शासक के रूप में सेवाएं दे रहे थे। राष्ट्रपति से जुड़े मामलों के मंत्रालय ने शेख खलीफा के निधन पर 40 दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और सभी मंत्रालय, विभाग, संघीय व स्थानीय संस्थान शुक्रवार से काम करना बंद कर देंगे। शेख खलीफा ने अपने पिता मरहूम शेख जायद बिन सुल्तान अल नाह्यान की जगह ली थी, जिन्होंने 1971 में अमीरात के अस्तित्व में आने के बाद 2 नवंबर 2004 को अपने निधन तक संयुक्त अरब अमीरात के पहले राष्ट्रपति के रूप में सेवाएं दी थीं।

## राहुल दूसरे ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

विधायक रामकेश मीणा सहित काफी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता गंगापुर सिटी स्टेशन पहुंचे थे, लेकिन राहुल गांधी दूसरे रूट से उदयपुर चले गए। राहुल गांधी और अन्य वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी मेवाड़ एक्सप्रेस की बजाय दूसरी ट्रेन से अलवर होते हुए उदयपुर पहुंचे, जहां उन्हें चिंतन शिविर में भाग लेना था।

# मोहाली में इन्टैलीजैंस ब्यूरो के दफ्तर पर रॉकेट हमले में आई.एस.आई. का हाथ था

**पंजाब पुलिस ने कहा कि, इसका मुख्य साजिशकर्ता कैनेडा में बसा लखवीर सिंह लांडा है**

चंडीगढ़, 13 मई (वार्ता)। पंजाब के मोहाली स्थित प्रदेश खुफिया पुलिस मुख्यालय पर नौ मई को रॉकेट के जरिये ग्रनैड हमले का मुख्य साजिशकर्ता कैनेडा में बसा गिरोहबाज लखवीर सिंह लांडा है।

यह जानकारी आज पुलिस महानिदेशक वीके भावरा ने संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि, हमले की साजिश लांडा ने पाकिस्तान की आई.एस.आई. के करीबी हरविंदर सिंह रिंदा के साथ मिलकर रची थी। उन्होंने बताया कि, घटना बब्बर खालसा इंटरनैशनल और गिरोहबाजों ने मिलकर की है और उन्हें आई.एस.आई. की मदद हासिल थी।

उन्होंने कहा कि हमले की जांच काउंटर इंटेलिजेंस ने की और हमले के पीछे सभी आरोपियों की पहचान कर ली गई है।

उन्होंने बताया कि हमले में पांच

- **पंजाब पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों को देश के अलग-अलग हिस्सों से गिरफ्तार किया है।**
- **घटना बब्बर खालसा इंटरनैशनल और गिरोहबाजों ने मिलकर की है और उन्हें आई.एस.आई. की मदद हासिल थी।**

गिरफ्तारियां हो चुकी हैं और बाकी तीन, जो हमले में सीधे तौर पर शामिल थे, को भी जल्दी गिरफ्तार किया जाएगा। गिरफ्तार आरोपियों में जगदीप कांग, कंवर बाथ, बलजीत कौर, आनंद दीप सोनू और बलजिंदर सिंह रैंबो शामिल हैं। इनमें जगदीप कांग को छोड़कर सभी तरण तारण से हैं। कांग मोहाली से बताया जाता है और आरोप है कि हमलावर उसके साथ रुके थे। कांग ने ही चढ़त सिंह के साथ मिलकर रेकी की थी।

एक सवाल कि खुफिया पुलिस मुख्यालय को निशाना बनाने का क्या कारण था, के जवाब में पुलिस महानिदेशक ने कहा कि पुलिस व सैन्य ठिकाने आतंकियों के निशाने पर होते ही हैं।

पुलिस महानिदेशक ने बताया कि लांडा, जो मूल रूप से तरण तारण से है और 2017 में कनाडा में जा बसा, तरण तारण के ही निशान सिंह से संपर्क में था। निशान सिंह को दो दिन पहले किसी और मामले में फरीदकोट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक और आरोपी है चढ़त सिंह, जो तरण तारण से है।

## 'पार्टी का...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उनके उद्घाटन भाषण के अनुसार शिविर के अधिकांश भाग में मोदी को कोसने की उम्मीद है और कुछ चर्चा संगठन पर और इस पर कि पार्टी को आगे बढ़ना है तथा उस प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए बदलाव करने हैं।

उम्मीद है कि राहुल, अधिकाधिक युवा लोगों को संगठन में शामिल करने का दबाव बनाना जारी रखेंगे और यही उन सीनियर और युवा नेताओं के बीच की दु:खती रग है जिन्हें राहुल गांधी द्वारा प्रमोट किया जा रहा है।

राहुल सत्र के समापन वाले दिन, 15 मई को बोलेंगे। इस दिन सी.डब्ल्यु.सी. की भी मीटिंग होगी जिसमें सबजैक्ट्स कमेटीज़ की सिफारिशों की पुष्टि की जाएगी। सबजैक्ट्स कमेटीज़ की आज मीटिंग हुई थी और ये अपने विचार-विमर्श कल भी जारी रखेंगी।

शिविर में भविष्य के रोड मैप के रूप में और इसे लेकर कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का मुकाबला करने के लिए पार्टी को स्वयं को किस तरह से तैयार करना है, के बारे में एक घोषणा पत्र लाया जाएगा।

## कमेटी की सिफारिशें...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

वही यहां यह भी कहा गया है कि जो लोग पद पर रहकर बेहतर काम करेंगे उन्हें पारितोषिक दिया जाना चाहिए, वही जो लोग काम नहीं करते उन्हें अलग कर देना चाहिए। संगठन की इस कमेटी ने पार्टी में अनुशासन को भी कड़ाई से लागू करने की बात कही है।

माकन ने कहा कि इस बात की भी सिफारिश की गई है कि ने पार्टी में लगातार 5 साल तक एक ही पद पर काम करने के बाद किसी को लगातार वह पद नहीं दिया जाए। कम से कम 3 साल का कूलिंग पीरियड रहे। तीन साल के गैप के बाद ही आगे कोई पद दिया जाए। हालांकि यह नियम सिर्फ संगठन स्तर पर ही लागू होगा। सांसद-विधायक या किसी भी रूप में चुनाव जीत कर आने वाले जनप्रतिनिधि पर यह नियम लागू नहीं होगा। इसे लेकर माकन ने कहा- क्योंकि इनका चुनाव सीधे जनता करती है। दरअसल, कांग्रेस नेता के परिवार के किसी दूसरे सदस्य को टिकट तभी दिया जाएगा, जब वह पांच साल से एक्टिव हो, यदि कोई नया सदस्य कांग्रेस में आता है तो उसे पहले 5 साल संगठन में काम करना होगा, उसके बाद ही टिकट मिलेगा। वहीं यह भी तय किया है कि अब पैराशूट उम्मीदवारों को टिकट नहीं दिया जाएगा। हालांकि यह बात खुद राहुल गांधी ने कांग्रेस अधिवेशन में भी कही थी लेकिन उसके बाद बड़ी संख्या में पैराशूटी उम्मीदवार चुनाव में उतारे गए थे। उस दौरान राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत को, मध्य प्रदेश के अध्यक्ष रहे कमलनाथ के पुत्र नकुल नाथ को, जहां टिकट दिए गए थ, वहीं हरियाणा में भूपेंद्र हुड्डा के दबाव में दीपेंद्र हुड्डा को राज्यसभा भेजना पड़ा था। इन बड़े उदाहरण के अलावा बहुत से उदाहरण है, जहां कुछ दबंग परिवारों के दो या तीन लोग लगातार दबाव की राजनीति करके पद या टिकट हासिल करते रहे हैं। संगठन स्तर पर और बड़े बदलाव की बात करते हुए माकन ने कहा कि पार्टी में अब यह भी विचार किया जा रहा है कि बूथ और ब्लॉक लेवल के बीच 3 से 5 मंडल बनाए जाएं, ताकि बूथ स्तर की कमेटी और ब्लॉक कमेटी के बीच जो फासला है, उसमें कार्यकर्ताओं का समावेश ज्यादा हो सके।

# कश्मीर में आतंकियों के मददगार प्रोफैसर सहित तीन कर्मचारी सेवा से बर्खास्त

**ये कर्मचारी आतंकियों के लिए ग्राउंड वर्कर के तौर पर काम कर रहे थे तथा उनको हर प्रकार की मदद दिया करते थे**

श्रीनगर, 13 मई (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर सरकार ने आतंकवादियों से साथ कथित तौर पर ताल्लुक रखने के लिए कश्मीर यूनिवर्सिटी (के.यू) के एक प्रोफेसर और जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवान सहित अपने तीन कर्मचारियों को शुक्रवार को बर्खास्त कर दिया। सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी दी।

बर्खास्त कर्मचारियों में कश्मीर विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान के प्रोफेसर अल्ताफ हुसैन पंडित, स्कूल शिक्षा विभाग के एक शिक्षक मोहम्मद मकबूल हजाम और चयन ग्रेड कांस्टेबल गुलाम रसूल शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि इन कर्मचारियों को कथित तौर पर आतंकवादियों से संबंध रखने और

- **बर्खास्त कर्मचारियों में कश्मीर विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान के प्रोफेसर अल्ताफ हुसैन पंडित, स्कूल शिक्षा विभाग के एक शिक्षक मोहम्मद मकबूल हजाम और चयन ग्रेड कांस्टेबल गुलाम रसूल शामिल हैं।**
- **वहीं एक अन्य घटना में सुरक्षाबलों ने बडगाम में मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार दिया।**

विभिन्न संगठनों के आतंकवादियों के सहयोगियों (ओवर ग्राउंड वर्कर) के रूप में काम करने के लिए बर्खास्त किया गया है।

उन्होंने कहा, देश के संविधान के अनुच्छेद 311 (2) (सी) के तहत मामलों की जांच और सिफारिश करने के लिए नामित समिति ने तीन कर्मचारियों को सरकारी सेवा से बर्खास्त करने की सिफारिश की है।

इन प्रावधानों के तहत सरकारी कर्मचारियों को तभी बर्खास्त किया जा सकता है, जब राष्ट्रपति या उपराज्यपाल इस बात से संतुष्ट हों कि देश की सुरक्षा के हित में इस तरह की जांच करना व्यावहारिक नहीं है। बर्खास्त कर्मचारियों के पास एकमात्र रास्ता बचता है कि वे सरकार के फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दें। वहीं दूसरी ओर आतंकियों के खिलाफ एक और कामयाबी हासिल करते हुये। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में शुक्रवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया है। पुलिस ने यह जानकारी दी है। बांदीपोरा में पिछले दो दिनों में यह दूसरी मुठभेड़ है। इससे पहले 11 मई को जिले के सालिंदर वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक स्थानीय आतंकवादी मारा गया था।

## जिस होटल में...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

लिए आवेदन किया। जब वर्ष 2017 में यूआईटी सचिव ने भूमि रूपांतरण की स्वीकृति नहीं दी तो संभागीय आयुक्त के एक आदेश की आड़ में सरकार ने स्वीकृति किस आधार पर दी समझ से बाहर है। होटल निर्माण की फाइल प्रकिया के तहत लगनी चाहिए थी। मुख्यमंत्री कार्यालय ने सारी प्रकियाओं को ताक में रखकर होटल निर्माण की अनुमति प्रदान करा दी, इसमें मुख्यमंत्री के ओएसडी की अहम भूमिका रही है। इससे स्पष्ट है कि इस होटल के गहलोत परिवार के आर्थिक सम्बन्ध है। यह रास्ता जो चौड़ा करके बनाया है, वह होटल के राजस्व रिकार्ड में अब भी दर्ज नहीं है। आज भी यह नदी है। उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद भी सारे कानूनों को ताक में रखकर सीएमओ के निर्देश के बाद यूआईटी सचिव उज्जवल राठौड़ ने 2019 में गैर कानूनी रूप से नदी मार्ग का होटल निर्माण के लिए भूमि का रूपांतरण कर दिया।

इस होटल से पीछे जुड़ती हुई बिलानाम (सरकारी) भूमि पर होटल मालिक ने अतिक्रमण कर लिया। जबकि यहां गोगमाल गांव का बोजडा नाका नाई पर वन विभाग सालों से वृक्षारोपण कर रहा था।

उन सारे पेड़ों को होटल मालिक ने काट दिया और जमीन को अपने कब्जे में होटल का विस्तार कर दिया और 250 करोड़ की होटल का नक्शा होटल मालिक ने गैर कानूनी रूप से सम्बन्धित ग्राम पंचायत से वर्ष 2012 में पास करवाया। वर्ष 2012 से 2014 तक कोई निर्माण नहीं कराए जाने के कारण ग्राम पंचायत की स्वीकृति का आदेश स्वत: ही निष्प्रभावी हो गया। वैसे अकेली ग्राम पंचायत इतनी बडी होटल के निर्माण की स्वीकृति के लिए अधिकृत नहीं थी। इसके लिए एक कमेटी निर्णय करती है। वर्ष 2014 में यह क्षेत्र उदयपुर के पैरीफेरी में आ गया। होटल का नक्शा वैध नहीं है फिर भी होटल का निर्माण करा दिया गया।

किरोड़ी ने कहा कि मैं उदयपुर में कांफ्रेंन्स करना चाहता था। लेकिन मुझे पत्रकार वार्ता ही करने दी गई। मुझे उदयपुर से गिरफ्तार कर दूसरी जगह छोड़ दिया। इसीलिए मुझे पत्रकार वार्ता जयपुर में करनी पड़ी।

## दिल्ली में आग, ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सूचना शाम 4 बजकर करीब 40 मिनट पर मिली जिसके बाद दमकल की 24 गाड़ियां मौके पर भेजी गईं।

पुलिस ने कहा कि, इमारत से निकाले गए 9 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया और बचाव अभियान जारी है। अधिकारियों ने कहा कि आग मुंडका मेट्रो स्टेशन के पिलर नंबर 544 के पास स्थित इमारत में लगी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलने पर पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और इमारत में फंसे लोगों को खिड़की के शीशे तोड़कर निकाला गया तथा घायलों को एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस बीच अधिकारियों ने बताया कि बिल्डिंग से 26 लोगों के शव निकाले जा चुके हैं। मौत का आंकड़ा अभी बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

बाहरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त समीर शर्मा ने कहा कि, शुरुआती जांच में पता चला है कि 3 मंजिला कमर्शियल बिल्डिंग में कंपनियों के दफ्तर हैं। उनके मुताबिक, आग इमारत की पहली मंजिल से लगनी शुरू हुई जहां सी.सी.टी.वी. कैमरा और राउटर निर्माता कंपनी का कार्यालय है। पुलिस ने कहा कि, कंपनी का मालिक पुलिस की हिरासत में है। उन्होंने कहा कि, स्थिति पर काबू पाने की कोशिश चल रही है और राहत कार्य भी लगातार जारी है। पुलिस ने कहा कि, दमकल कर्मी मौके पर हैं और स्थिति को नियंत्रण करने की कोशिश कर रहे हैं। घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाने के लिए एम्बुलेंस भी मौके पर मौजूद हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आग बिल्डिंग के फर्स्ट फ्लोर में मौजूद एक फैक्ट्री से शुरू हुई जिसमें सी.सी.टी.वी. कैमरा और राउटर जैसी चीजों का निर्माण होता है।

# निजी आकांक्षाओं को पार्टी हित के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गांधी ने स्वागत भाषण में एक बार फिर वही बातें दोहराई, जो उन्होंने कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में की थी। यानी कि उन्होंने लंबे समय से पार्टी में पदों पर जमे नेताओं से एक तरह से अपील की है कि "वे लंबे समय से पार्टी के नाम से बहुत कुछ हासिल करते रहे हैं, लेकिन अब कर्ज उतारने का समय है। समय आया है कि हमें संगठन हितों के अधीन काम करना होगा। सबसे आग्रह है कि खुलकर अपने विचार रखें, मगर बाहर एक ही संदेश जाना चाहिए संगठन की मजूबती, मजबूत निश्चय और एकता।"

कांग्रेस को चुनावों में लगातार मिल रही लगातार हार को लेकर चिंतन के बीच सोनिया गांधी ने कहा कि "हमें मिली विफलताओं से हम बेखबर नहीं हैं। संघर्ष और कठिनाइयों से हमें आगे जाना है। लोगों की उम्मीदों से हम

- **सोनिया गांधी ने यह भी कहा कि, वे असाधारण परिस्थितियों और विफलताओं से अनजान नहीं, सख्त सुधारों की जरूरत है, जो अब टाले नहीं जा सकते।**
- **कांग्रेस समान विचारधारा वाले दलों के साथ समझौते जारी रखेगी, जो संविधान और लोकतंत्र में विश्वास रखते हैं।**

अनजान नहीं है। हमें यह प्रण लेने इकट्ठा हुए हैं। हम आत्मनिरीक्षण कर रहे हैं। यह तय करें कि यहां से निकलें तो एक नए आत्मविश्वास और कमिटमेंट से प्रेरित होकर निकलेंगे।

पार्टी के अंदर बन रही परिस्थितियों और जनता के बीच वर्तमान में कांग्रेस की अस्वीकार्यता पर उन्होंने यह भी कहा कि "आज पार्टी के सामने असाधारण परिस्थितियां हैं। असाधारण परिस्थितियों का मुकाबला असाधारण तरीके से ही किया जा सकता है। हर संगठन को जीवित रहने और आगे के लिए भी अपने अंदर पैनापन लाना होता है। हमें सुधारों की सख्त जरूरत है। हमें रणनीतिक बदलाव, ढांचागत सुधार और रोजाना काम करने के तरीके में बदलाव करना है, जो सबसे बुनियादी मुद्दा है। हमारा उत्थान सामूहिक प्रयासों से ही हो पाएगा। ये प्रयास आगे टाले नहीं जा सकते।"

उन्होंने भाजपा और केंद्र सरकार को लेकर कहा कि वह देश में डर और असुरक्षा का माहौल पैदा कर रही है। अल्पसंख्यकों को डराया जा रहा है। धर्म के नाम पर ध्रुवीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाया जा रहा है, जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। इतिहास को फिर से लिखने की कोशिश की जा रही है, जिसमें पंडित नेहरू के योगदान और देश के लिए किए गए त्याग को योजनाबद्ध तरीके से कम करके दिखाने का प्रयास हो रहा है। ये लोग महात्मा गांधी के हत्यारे का महिमामंडन कर रहे हैं और गांधी के सिद्धांतों को मिटा रहे हैं। उन्होंने कहा- देश के पुराने मूल्यों को खत्म किया जा रहा है। दलित आदिवासी और महिलाओं में असुरक्षा का माहौल है। देश में डर का माहौल बनाया जा रहा है। भाजपा देश में लोगों को लड़ाने का लगातार प्रयास कर रही है।

इससे पहले राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि यूपीए सरकार के समय में इसका ध्यान रखा जाता था कि लोग क्या कहेंगे। आज ये लोग धर्म के नाम पर देश पर काबिज हो गए हैं। धर्म जाति ऐसी चीज है कि आप दंगे भड़का सकते हैं। अब राजस्थान तो टारगेट में नंबर वन है। दंगाई का, सीबीआई, ईडी का छापा शुरू हो जाता है। इनके लोग दूध के धुले हैं, इन पर कोई छापा नहीं पड़ता। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने मेजबान के नाते सभी का स्वागत किया।

इससे पहले मीडिया से बात करते हुए राजनीतिक सुधारों को लेकर पार्टी नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि वर्तमान हालातों में कांग्रेस समान विचारधारा वाले उन राजनीतिक दलों के साथ समझौते जारी रखेगी जो संविधान और लोकतंत्र में विश्वास रखते हैं।

## नीट पी.जी...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पीजी-2022-23 परीक्षा कोविड की विध्वंसकारी वैश्विक महामारी के कारण हुए तीन वर्षों के व्यवधान के बाद 21 मई को आयोजित हो रही है।

जस्टिस डी.वाय. चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता वाली एक बैंच ने यह टिप्पणी करते हुए कि नीट पीजी की परीक्षा में पहले ही चार महीने का विलम्ब हो चुका है और देश के अस्पतालों में की सीनियर रेजिडैन्ट डॉक्टर्स के सिर्फ दो बैच ही अपनी सेवाएं दे रहे हैं, कहा कि इससे और विलम्ब होने के गंभीर परिणाम निकलेंगे और अस्पतालों में रोगियों की देखभाल पर क्रमिक रूप से असर पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं 21 मई को परीक्षा आयोजित करने का निर्णय एक नीतिगत निर्णय है जिसमें अदालतों द्वारा हस्तक्षेप किए जाने की बहुत कम संभावना है। हस्तक्षेप तभी किया जा सकता है, जबकि इसमें प्रथम दृष्टया कोई कानूनी त्रुटि या विवाद हो।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908


MARUTI SUZUKI ARENA
इस मई, पाएँ शानदार ऑफ़र्स.
अपनी पसंदीदा मारुति सुज़ुकी एरीना कार आज ही घर लाएँ.
बड़ी बचत
WAGONR ₹38 100*
DZIRE ₹18 100*
ALTO ₹21 100*
SWIFT ₹21 100*
S-PRESSO ₹28 100*
CELERIO ₹33 100*
VITARA BREZZA ₹17 500*
EECO ₹28 500*
ऑफर सिर्फ़ स्टॉक रहने तक मान्य है।
WAGONR ALTO S-PRESSO ERTIGA VITARA BREZZA DZIRE SWIFT CELERIO EECO
E-book today at www.marutisuzuki.com or visit your nearest Maruti Suzuki dealership | For bulk orders, mail at: ankit.syal@maruti.co.in
AUTHORISED DEALERS: SIROHI: NAVNEET MOTORS: CALL: 02972-222917-18, 7665010638. JODHPUR: AURIC MOTORS PVT LIMITED: SARASWATI NAGAR, NEW PALI ROAD: CALL: 0291- 2722691, 9015900500. BALESAR: 7412092350. SHRI KRISHNA AUTO SALES PVT. LTD.: PRATAP NAGAR: CALL: 0291-2762064/65, 9929244403, 9829144436. BHINMAL: CALL: 02969-222438, 9680059999. RANIWARA: CALL: 9116124669, 9929244403. L.M.J. SERVICES LTD: A-11, INDUSTRIAL ESTATE, OPP. UDYOG BHAWAN, NEW POWER HOUSE ROAD: CALL: 0291- 2630478 / 79 / 80, 8094011151. NAGAUR: MANGALAM MOTORS: CALL: 9116008626, 9116008630. PALI: L.M.J. SERVICES LTD.: CALL: 02932 - 256177, 8094011136. CHURU: AURIC MOTORS: CALL: 01562-250696, 8875010502. BIKANER: DUDI AUTOMOBILES: CALL: 0151-2942222, 0151 -3550418, 7412075151. PADAMPUR: CALL: 7412075151. AURIC MOTORS: CALL: 0151-2251819, 9529251819, 9636045111. AJMER: RELAN MOTORS: CALL: 0145-2610106, 9214444222. AJMER AUTO: CALL: 0145-2425200, 9314531845, 9314391004. JAIPUR: VIPUL MOTORS PVT. LTD.: DAUSA: CALL: 9887851795. LALSOT: CALL: 9460654936. BANDIKUI: CALL: 9887456970. MAHWA: CALL: 9950780018. MEHANDIPUR BALAJI: CALL: 9782445691. UNIARA: CALL: 9785791929. KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.: PHULERA: CALL: 7412077062. SAMBHAR: CALL: 7412068410. ACHROL: CALL: 7412077078. FORTUNE CARS: KARAULI: CALL: 8875001175/ 8875005132. HINDAUN: CALL: 9214794314 / 8875007758. PREM MOTORS PVT. LTD.: BASSI: CALL: 8058794167 / 8058794137. SAWAI MADHOPUR: CALL: 07462-220029 / 8058799005 / 8058794181. GANGAPUR CITY: CALL: 8058794021. BAGRU: CALL: 8058794032. KOTPUTLI: CALL: 8058794121. JOBNER: CALL: 8058796065. RENWAL: CALL: 8058600117. RENWAL-MANJHI: CALL: 8058794042. DUDU: CALL: 8058794168. PHAGI: CALL: 8058403338. KANOTA: CALL: 8058794341. K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.: TONK: CALL: 9549651924. CHAKSU: CALL: 9549651926. SHAHPURA: CALL: 8696925275. DEOLI: CALL: 8696934957. MALPURA: CALL: 9549650513. NIWAI: CALL: 9667777114. PAOTA: CALL: 9549650495. VIRATNAGAR: CALL: 6350612446. JAMWA RAMGARH: CALL: 6350612727. SANGA AUTOMOBILES PVT. LTD.: CHOMU: (MORIJA ROAD): CALL: 9772210096 / 9772210906. GOVINDGARH: CALL: 9772210451. ALWAR: MG MOTORS: CALL: 9001795515, 9001795517, 8003692651, 8003692652, 8003090466. SRIGANGANAGAR: AURIC MOTORS: CALL: 0154-2466225, 8955559963. DUDI AUTOMOBILES: PADAMPUR: CALL: 7412075151. SIKAR: JAMU AUTOMOBILES: CALL: (01572) 245515 / 246219. NEEM KA THANA: JAMU AUTOMOBILES: CALL: 9785644715. JHUNJHUNU: AURIC MOTORS: CALL: 8955664400. KOTA: BHATIA & COMPANY: CORPORATE OFFICE: 23-24, INDUSTRIAL ESTATE: CALL: 0744-2365092, 9829035100. DAKANIYA SHOWROOM: G-11-12, AUTO MOBILE ZONE, NEAR DAKANIYA STATION: CALL: 0744-2439000, 9829799009. SUWALKA MOTORS PVT. LTD.: KUNHARI: CALL: 0744-2370272, 9116312345, 7300308888. SULTANPUR: CALL: 9116178527. BHAWANIMANDI: CALL: 9116178557. UDAIPUR: NAVNEET MOTORS: MADRI: CALL: 0294-2494454, 7230046380. CITY STATION ROAD: CALL: 0294-2415142, 7230046381. TECHNOY MOTORS: GOVARDHAN VILLAS: CALL: (0294) 2485158, 2485738, 9982666809. BANSWARA: NAVNEET MOTORS: CALL: 9414159145, 7665010632, 7412074100. BHILWARA: LOHIA AUTOMOBILES: CALL: 01482-264061, 264144, 09799545333, 09950512555. CHAMPION CARS: CALL: 01482-267135, 9602892423, 7727863720. BHARATPUR: TM MOTORS: CALL: 05644-220970, 226392, 9251423393, 9251423395, 8094000626. CHITTORGARH: BHATIA & COMPANY: CALL: 9413316092, 9413316399.
*Offer includes consumer offer, retail support, exchange offer and ISL/Rural offer (wherever applicable) on WagonR ( 1.0L Petrol & AGS- all variants), Alto (Petrol- all variants except STD), S-Presso (Petrol & AGS- all variants), Vitara Brezza (all variants), Dzire (Petrol & AGS- all variants), Swift (Petrol & AGS- all variants), Celerio (Petrol & AGS- all variants) and Eeco (Petrol- all variants except ambulance). *Terms & Conditions apply. The terms and conditions are subject to change without any prior notice. All offers are brought to you by Maruti Suzuki dealers only. Offers may vary from variant to variant. All offers shown are valid for limited period & for limited stock only. For more details, please contact your nearest ARENA dealership. Colors shown may vary from actual body colors due to printing on paper. Images used are for illustration purposes only. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. Above offers are valid till 31st May 2022 or till stocks last, whichever is earlier.